CMYK

अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 08°C
सेंसेक्स 73,730.23
निफ्टी 22,337.30
सोना 88,910
चांदी 98,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 6 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 207 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2081 5 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## केंद्र ने दी केदारनाथ व हेमकुंड साहिब रोप-वे को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थित तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोप-वे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड़ रुपये की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को बुधवार को मंजूरी प्रदान की। सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी रोप-वे परियोजना के निर्माण को मंजूरी मिली है।

इस परियोजना को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर विकसित किया जाएगा। रोप-वे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला (थ्री एस) तकनीक पर आधारित होगा। इसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी, जो प्रति दिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगी। रोप-वे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए वरदान होगी,

-शेष पृष्ठ दो पर



### शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को पीएम करेंगे प्रोत्साहित

- राष्ट्रीय रोप-वे विकास कार्यक्रम के तहत केंद्र का फैसला, उत्तराखंड को मिला रोप-वे का तोहफा

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (आज) को उत्तरकाशी जनपद में दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे में उत्तराखंड चार धाम शीतकालीन तीर्थाटन, पर्यटन एवं स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन का संदेश देंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वे मुखबा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पूर्वाह्न 10:30 बजे हर्षिल पहुंचकर उत्तराखंड शीतकालीन पर्यटन और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जादुंग व पीडीए के लिए मोटर बाइक व एटीवी-आरटीवी रैलियों तथा जनकताल एवं मुलिंगला के लिए ट्रैकिंग अभियानों को झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। सीमावर्ती नेलांग-जादुंग-पीडीए क्षेत्र का मनमोहक शीत मरूस्थली पठार का क्षेत्र अभी तक पर्यटन की गतिविधियों से अछूता रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इन क्षेत्रों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों के शुभारंभ से इस क्षेत्र में पर्यटन विकास के नए द्वार खुल जाएंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री के द्वारा हर्षिल में जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा।

### पशु रोगों के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ के कार्यक्रम को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपये की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

### डीआरआई ने किया बड़े सोना तस्करी रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राजस्व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण अभियान में बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें ले जा रही एक महिला यात्री को पकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष गुप्त सूचना के आधार पर 33 वर्षीया एक भारतीय महिला यात्री को पकड़ा, जो 3 मार्च, 2025 को एमीरेट्स की उड़ान से दुबई से बेंगलुरु पहुंची थी। जांच में उसके शरीर में छुपा कर ले जाई जा रही 14.2 किलोग्राम वजन की सोने की छड़ें पाई गईं।

### पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा




कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।




## भारत और चीन पर दो अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया

### प्रभावित होगा भारत का माल व्यापार अधिशेष



वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा है कि चीन और भारत पर दो अप्रैल से उच्च टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक महत्वपूर्ण भाषण में टैरिफ लगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया। अ

मेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशी आयातों पर पारस्परिक टैरिफ लागू करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। भाषण के दौरान भारत का जिक्र करते हुए ट्रम्प ने कहा कि भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ वसूलता है। यदि आप ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफ देना होगा, और कुछ मामलों में, बहुत बड़ा। अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब उन अन्य देशों के खिलाफ उनका उपयोग शुरू करने की हमारी बारी है। अमेरिका पर 'भारी' टैरिफ लगाने वाले देशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि औसतन, यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा क्या आपने उनके बारे में सुना है और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जितना हम उनसे वसूलते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत अनुचित है। हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना ज्यादा है। उन्होंने घोषणा की कि पारस्परिक टैरिफ एक अप्रैल से नहीं बल्कि 2 अप्रैल से लागू होंगे, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह 'अप्रैल फूल्स डे' के साथ मेल खाए। उन्होंने कहा कि दो अप्रैल को, मैं इसे एक अप्रैल बनाना चाहता था, लेकिन नहीं चाहता था कि इसे अप्रैल फूल्स डे के रूप में टैरिफ लगाए जाए। यह बहुत ज्यादा पैसा है। 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे, वे हम पर जो भी टैरिफ लगाएंगे, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे, पारस्परिक आगे-पीछे। अगर वे हमें बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम उन्हें अपने बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं लगाएंगे।

भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ रहा है। पिछले दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल में मजबूत निर्यात के कारण अमेरिका के साथ भारत का माल व्यापार अधिशेष दोगुना होकर 35 अरब डॉलर हो गया है, जो अब पारस्परिक शुल्क उपायों के प्रति संवेदनशील हो सकता है।

अमेरिका से भारत के आयात में पेट्रोलियम कच्चा तेल, मोती, कीमती पत्थर, विद्युत मशीनरी, विमान के पुर्जे और सैन्य उपकरण शामिल हैं। अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, टेलीकॉम उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं। रक्षा उपकरणों का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले श्री ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, अगर वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ब्रिक्स देशों द्वारा प्रतिद्वंद्वी मुद्रा बनाने का कोई भी प्रयास ऐसे टैरिफ को जन्म देगा। यह आक्रामक रुख अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को जारी रखने की अमेरिका की नीति को दर्शाता है।

## औरंगजेब की तारीफ करने वाले विधायक को यूपी भेजें अच्छे से होगा उपचार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सीएम ने सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर पार्टी को आड़े हाथों लिया
- कहा: सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) को औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को तत्काल पार्टी से बाहर कर देना चाहिए और उन्हें उत्तर प्रदेश भेज देना चाहिए, ताकि उनका उपचार हो सके।

विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान योगी ने महाराष्ट्र में सपा विधायक अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करे और उसे उत्तर प्रदेश भेजे। यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को 'महान प्रशासक' बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डा. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डा. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे कि श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है।



### अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख के बाद निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ सरकार ने शिकंजा कस दिया है।

लखनऊ के गोमती नगर थाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफा लिमिटेड, प्रणव अंसल, सुशील अंसल, सुनील कुमार गुप्ता, फेरन्सेटी पैट्रिका अटकिशन और विनय कुमार सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5), 318 (4), 61(2), 352,351(2), 338,336(3), 340(2), 111 और प्रिवेंशन ऑफ डेमेज टु पब्लिक प्रापर्टी एक्ट 1984 की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। आपराधिक धाराओं के तहत छह माह से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। अंसल के निदेशक प्रणव अंसल, विकास यादव, महाप्रबंधक अमित शुक्ला और अन्य के खिलाफ गाजियाबाद देहात के डूंडाहेडा थाने में भी एक एफआईआर दर्ज की गई है।

### अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होगी और रक्षा बंधन के दिन नौ अगस्त को संपन्न होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां राजभवन में श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज, डीसी रैना, कैलाश मेहरा साधु, केएन राय, पीतांबर लाल गुप्ता, डा. शैलेश रैना और प्रोफेसर विश्वमूर्ति शास्त्री, श्राइन बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। बोर्ड ने अनंतनाग जिले के पहलगाम और गंदेरबल जिले के परंपरागत बालटाल दोनों मार्गों से एक साथ शुरू होने वाली यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों का प्रस्ताव रखा।

### मायावती ने भाई आनंद को भी किया पद से मुक्त

**लखनऊ।** पिछले दिनों भतीजे आकाश आनंद को बसपा से निष्कासित कर भाई एवं पार्टी उपाध्यक्ष आनंद कुमार को नेशनल कोऑर्डिनेटर की अतिरिक्त जिम्मेदारी देने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि उन्होंने श्री कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक के पद से उनकी इच्छानुसार मुक्त कर दिया है। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत। उन्होंने कहा कि ऐसे में श्री आनन्द कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे।

### राहुल गांधी पर 200 रुपये का लगा जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता पर कोर्ट में हाजिर न होने पर लगा अर्थदंड

**लखनऊ।** उप्र के लखनऊ में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। एसीजेएम कोर्ट ने जुर्माने की रकम वादी के वकील नृपेंद्र पांडेय को देने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने यह कार्रवाई राहुल गांधी के व्यक्तिगत रूप से हाजिर नहीं होने पर की है। एसीजेएम कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही वार्निंग दी गई है कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता वकील नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसम्बर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। जिसकी सुनवाई लखनऊ की एसीजेएम कोर्ट में चल रही है, हालांकि सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं होने की वजह से कोर्ट ने 200 रुपये का जुर्माना लगाया ।

### तेजस में जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है, जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया गया। इसमें समुद्र तल से 50,000 फुट की ऊंचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों को पूरा किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी ने मंगलवार को किए। ये परीक्षण विमान के ऊंचाई पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और लैंडिंग के दौरान किये गये। सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन से उड़ान की मंजूरी के बाद, सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में आएगा बड़ा बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

### सूचना के आदान-प्रदान के लिए डैशबोर्ड, एकीकृत सूचना-प्रौद्योगिकी ढांचा तैयार करेगा चुनाव आयोग



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की सुविधा के अनुकूल एक डैशबोर्ड (गतिमान विस्तृत-सूचना पट्टिका) के साथ एक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधारित एक मजबूत एकीकृत व्यवस्था तैयार करने का निर्णय लिया है।

सम्मेलन में तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में मतदाताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया पर पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। आयोग द्वारा सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) के यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में इस योजना का निर्णय किया गया। दिन की बैठक की समाप्ति पर बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन के निर्णयों और मौजूदा वैधानिक ढांचे और समय-समय पर जारी किए गए चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार (चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में) पहचाने गए 28 हितधारकों में से प्रत्येक के लिए एनिमेटेड वीडियो, ऑडियो बुक, ई-बुक और एक एकीकृत डैशबोर्ड जैसी सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। विज्ञप्ति के अनुसार क्षमता निर्माण के लिए एक आधुनिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रत्येक हितधारक के लिए एनिमेटेड वीडियो का एक कैप्सूल तैयार किया जाएगा, जो उनसे संबंधित चुनावों के सभी पहलुओं को व्यापक रूप से कवर करेगा। इस वीडियो के माध्यम से प्रत्येक हितधारक अपने काम के बारे में निरंतर सीख ले सकेगा। बयान में कहा गया है कि चुनावों में प्रणाली को दक्ष बनाने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के दृष्टिकोण और विश्वास के अनुरूप विभिन्न हितधारकों की सुविधा के लिए एक समुचित डैशबोर्ड के साथ एक एकीकृत आईटी तैयार की जाएगी। सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म भूमिका-आधारित पहुंच के साथ सूचना के इनपुट और आउटपुट प्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा। आयोग ने कहा कि इससे पदाधिकारियों के बीच सुचारू रूप से संवाद-सम्पर्क होगा और मानवीय त्रुटि की संभानाएं कम होंगी।



# गंगा एक्सप्रेस वे को बिजनौर से निकाला जाना जायज : जाकिर



## जनपद का विकास नहीं हो पा रहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे को जनपद से निकाले जाने की मांग जायज थी और भाजपा सरकार के मंत्री बिजनौर जनपद का हक मार रहे थे। लेकिन जनता के दबाव में उनकी जायज मांग को माना गया है।

सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे को गंगा नदी के किनारे जनपद बिजनौर से निकाल कर भाजपा सरकार जनपद वासियों पर कोई अहसान नहीं कर रही है। अगर इसे जनपद में गंगा नदी के किनारे से नहीं निकाला जाता, तो इसका नाम बदल दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनपद की जनता पर कोई अहसान नहीं कर रही है। यह जनपद की जनता का अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री जनपद की जनता का हक मार रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद की जनता शांतिप्रिय व अमन पसंद है। इसका मतलब यह नहीं है कि उसका हक मारा जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जनपद का विकास नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में न तो कोई नया उद्योग लग पा रहा है और न ही बेरोजगारों के लिए रोजगार की व्यवस्था की जा रही है। इस तरह से सरकार नहीं चलती है। विकास कार्य ठप पड़े है। बेरोजगार व किसान सबसे ज्यादा परेशान है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी विकास की गंगा बह रही थी। सपा सरकार में रिकार्ड विकास कार्य हुए थे। लेकिन भाजपा सरकार में विकास दूर तक भी नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनना जरूरी हो गया है। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में सपा की सरकार बननी जरूरी हो गई है। तभी प्रदेश में तेजी से विकास कार्य होंगे और आम जनता खुशहाल रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह सड़कों पर उतर कर भाजपा सरकार की नाकामियों से पर्दा हटाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न कर रही है। प्रदेश में जंगल राज चल रहा है। अपराधियों की मौज आ गई है।

# घायल की उपचार के दौरान मौत

**नहटौर।** नहटौर-पैजनिया मार्ग पर बुधवार को ग्राम सदरूद्दीननगर में साइकिल व बाइक की भिड़ंत में घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। बाइक सवार की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के साथी उसके शव को घर ले गए।

कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम नंगली निवासी (35 वर्षीय) नीरज पुत्र धर्मवीर सिंह बाइक से जा रहा था। बुधवार को नहटौर पैजनिया मार्ग पर गांव सदरूद्दीननगर में एक साइकिल से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। जिसमें नीरज घायल हो गया। उसे सदरूद्दीननगर में एक नीजि चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहां से एंबुलेंस के जरिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नीरज की मौत का पता चलने पर परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाल धीरज सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। कोई तहरीर भी नहीं आई है।

# त्यौहारों को लेकर एसपी और सीओ ने की संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एकादशी होली को लेकर थाना परिसर में एसपी पूर्वी और सीओ ने संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में 10 मार्च से रंग एकादशी से रंग खिलना शुरु हो जाएगा। रमजान के माह को देखते हुए बुधवार को थाना परिसर में एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार ने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की और आपसी भाईचारे के साथ सभी त्यौहार मनाने की अपील की। सीओ ने कहा जुमे की नमाज और रंगभरी एकादशी को देखते हुए मुस्लिम समाज के लोग स्थानीय मस्जिदों मे नमाज अदा करे और हिंदू समाज के लोग बिना वजह किसी के ऊपर भी अनावश्यक रंग ना फेंके और आसपी भाईचारे के साथ त्यौहारों को मिलजुल कर मनाएं।

साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी धर्मिक स्थल पर रंग जबरन डालने वालों शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसपी पूर्वी धर्म मार्छाल ने किसी भी नई परंपरा की शुरुआत करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी और संभ्रांत व्यक्तियों से सहयोग की अपील की।

## एक नजर

### हत्यारोपी ससुर देवेन्द्र अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर थाने में वादी ने 19 फरवरी को तहरीर दी थी कि दहेज में एक लाख रुपए व बुलेट मोटर साइकिल न मिलने पर पति विवेक, ससुर देवेन्द्र, पुत्र देवीदीन एवं सास नीतू निवासीगण रसूलपुर नंगला ने उनकी पुत्री को फांसी लगाकर जान से मार दिया। पुलिस ने धारा 85, 351 (3) व 80 (2) बीएनएस एवं 3/4 प्रतिषेध अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने हत्यारोपी पति विवेक को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आज ससुर देवेन्द्र को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### बालिका के गायब होने से परिजन परेशान



**नांगल सोती।** गांव पूंडरी कला निवासी भूदेव सिंह हरिद्वार में नौकरी करते हैं। घर पर पत्नी और बच्चे रहते हैं। बुधवार को भूदेव सिंह ने नांगल थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। जिसमें उनका कहना है कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री रितिका मंगलवार शाम से घर से कहीं गायब हो गई है। जिसे गांव सहित आसपास क्षेत्र में काफी तलाशने की कोशिश की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। परिवार ने नांगल पुलिस को तहरीर सौंपते हुए रितिका को तलाश किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के साथ ही रितिक की तलाश जारी की है।

### होली और जुमे को लेकर पुलिस अलर्ट



**नगीना।** आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। 10 मार्च शुक्रवार को रंगभरी एकादशी और जुम्मे की नमाज एक ही दिन होने के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। एसपी ग्रामीण राम अर्ज और थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने थाना प्रांगण में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों के साथ बैठक की। एसपी आरए ने मुस्लिम समाज से अपील की कि वे स्थानीय मस्जिदों में ही नमाज अदा करें। साथ ही हिंदू समाज से आग्रह किया कि वे किसी पर अनावश्यक रंग न डालें। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों पर जबरन रंग डालने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने को कहा गया है। एसपी ग्रामीण ने किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न करने की हिदायत दी। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। साथ ही प्रमुख नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर कमेटी के अध्यक्ष सलिल अग्रवाल ने अपने संबोधन में होली के अवसर पर निकाले जाने वाले सभी चार जुलूसों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम आशुतोष रामप्यारे जायसवाल सहित, अनेक वक्ताओं ने भी लोगों से होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मानाये जाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल, पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज विश्रोई, सचिन शर्मा, अतुल विश्नोई, राजकुमार विश्नोई, हरि गोपाल, लवी मित्तल, आलमगीर काजमी, बाबू भाई लाठीवाले, अफताफ अंसारी, मनोज गुप्ता, रोहित रवि, बृजमोहन विश्नोई, नगर पालिका ईओ संदीप सक्सेना, सफाई अधिकारी धीरज राय वर्मा सहित बहुत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नशामुक्त जागरूकता रैली निकाली

**नजीबाबाद।** ग्राम नांदकार में डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एनएसएस शिविर का चौथा दिन नशा मुक्ति उन्मूलन के रूप में मनाया। मुख्यअतिथि बड़ौदा बैंक प्रबंधक अजीत सिंह ने छात्र-छात्राओं को नशा नहीं करने और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया। मुख्यअतिथि अजीत सिंह, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार राजपूत, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विधि सिंह ने हरी झंडी दिखाकर नशा मुक्त जागरुकता रैली को रवाना किया। छात्र-छात्राओं ने गांव नांदकार के विभिन्न मार्गों पर पोस्टर के साथ नशा मुक्त समाज के लिए जागरुकता रैली निकाली। रैली में प्रवक्ता विकास कुमार, सीपी सिंह, दर्पण कुमार के साथ अरुण संदीप, हेमेंद्र, अफसिया अल्वी, सबा, अंजुम, विशाखा, मोना, संजना आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आठ को

**नजीबाबाद।** राजकीय इंटर कॉलेज खेल मैदान पर चल रहे ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल एनसीसी नजीबाबाद और जोया क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल जोया क्रिकेट क्लब और मेरठ टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए मेरठ की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन बनाकर आउट हो गई। श्रीकांत ने 73 और उदय ने 42 रन बनाए। जोया टीम की ओर से अजमल ने तीन, चमन और नबील ने दो-दो विकेट लिए। अंपायर राजीव ग्रोवर और एनुअल हसन की देखरेख में जवाब में खेलने उतरी जोया टीम ने कमल के शानदार शतक के साथ दो विकेट खोकर 16.3 ओवर में विजयी लक्ष्य प्राप्त कर लिया। अमन खान ने 70 रन बनाए। कमल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा सेमीफाइनल एनसीसी नजीबाबाद और मुजफ्फरनगर टीम के बीच खेला गया। कप्तान फैसल तय्यब ने टॉस जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए एनसीसी ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 202 रन बनाए। एनसीसी की ओर से ओवैस ने सर्वाधिक 70 और दीपक ने 30 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी मुजफ्फरनगर की टीम 18.3 ओवर में 161 बनाकर आउट हो गई। मुजफ्फरनगर की ओर से अर्पित ने 47, कृष्ण ने 42 और अनुज ने 36 रन बनाए। एनसीसी की ओर से दीपक ने तीन और सौरभ सिंह ने दो विकेट लिए।

## मिलजुल कर मनाएं त्यौहार



**कोतवाली देहात।** आगामी होली के त्यौहार के मध्य नजर थाना प्रांगण में शांति समिति की एक बैठक संपन्न हुई । बैठक मे एसडीएम नगीना, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना व क्षेत्र के ग्राम प्रधानों सहित गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम नगीना ने कहा कि कोई भी नहीं परंपरा किसी भी शर्त पर आरंभ नहीं करने दी जाएगी। सभी लोगों को आगामी त्यौहारों को मिलजुल कर शांतिपूर्ण ढंग से मानना है। पुलिस क्षेत्राधिकार नगीना भरत सोनकर ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रंग में भंग डालने की कोशिश करेगा तो उस शक्ति से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार जुम्मे के दिन होली के रंग का त्यौहार है, जिसको शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की जिम्मेदारी हम सब लोगों की है। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट न करे और न ही अफवाहो पर ध्यान दे। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई का ध्यान रखने की बात कही। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र गिरी, उपनिरीक्षक विक्रांत यादव, हाजी असलम कुरैशी पूर्व ग्राम प्रधान कोतवाली देहात, चौधरी मदन सिंह, राहुल कुमार, रोशन सिंह, मोहम्मद अनीस, फैसल अंसारी, मुशर्रफ अंसारी, अब्दुल गफ्फार, चौधरी ध्यान सिंह, मोहित त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# धामपुर चीनी मिल ने किया कृषक गोष्ठी का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल्स लि. धामपुर द्वारा देवता डिग्री कालेज मोरना में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि हरपाल सिंह (उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद), ईशान गोयल (सयुक्त प्रबन्ध निदेशक), निष्काम गुप्ता (उपाध्यक्ष), डा. पी. शर्मा (कृषि वैज्ञानिक), डा. शीवागीं (कृषि वैज्ञानिक), ओमवीर सिंह (महाप्रबन्धक गन्ना), मोहन सिंह (सभापति गन्ना समिति धामपुर), मनोज कोन्ट (सचिव समिति धामपुर), अमित पाण्डेय (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर) उपस्थित रहें। कृषकों को गन्ना प्रजाति को-0238 के स्थान पर नई गन्ना प्रजातियों जैसे को. 0118, को. -15023, कोशा. 13235, 17231, 18231 को. लख. 14201 कोलख. 16202 आदि की बुवाई, गन्ना बीज शोधन, भूमि शोधन, उर्वरक, पेड़ी प्रबन्धन, कृषि यन्त्रों आदि के सम्बन्ध में विस्तृत से जानकारी दी। मंच का संचालन ओमवीर सिंह (महाप्रबन्धक गन्ना) द्वारा किया गया। हरपाल सिंह (उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद) ने किसानों को प्रजातीय बदलाव का सन्देश दिया। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि अपने खेत में कम से कम तीन प्रजातियों को अवश्य लगायें तथा गन्ना विभाग व चीनी मिल द्वारा प्रस्तावित योजनाओं का सभी किसान भाई अवश्य लाभ उठाये।

ईशान गोयल (संयुक्त प्रबन्ध निदेशक) ने सभी किसानों को अपने परिवार का सदस्य बताया व किसानों को सन्देश दिया कि इस संकट के समय में धामपुर चीनी मिल आपके साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ी है। आप सभी खुशहाल होंगे तो चीनी मिल खुशहाल होगी जिसके लिये सभी किसान भाईयों का पूर्ण सहयोग किया जायेगा। डा. पी. शर्मा (वैज्ञानिक) ने गन्ने की विभिन्न बीमारियों जैस- लाल सड़न, स्मट, विल्ट व हानिकारक कीटों जैसे टॉप बोरर, कन्सुआ, तना भेदक, दीमक व रूट बोरर आदि के नियन्त्रण के किसानों को बहुत ही सरल उपाय बताये व सभी किसानों को समझाया कि बीज चयन व बीज उपचार गन्ने की फसल के लिये बहुत ही आवश्यक है। सभी किसान भाई स्वस्थ बीज का चयन कर फंजीसाइड व एक कीट नाशक से अवश्य उपचारित कर गन्ना बीज की बुवाई करें। डा. शिवांगी (वैज्ञानिक) ने मृदा के बारे में विस्तार से किसानों को समझाया यदि गन्ने की फसल की पैदावार अधिक लेनी है तो मिट्टी के स्वस्थ्य की तुलना अपने शरीर के स्वास्थ्य से करके कार्य करना होगा। जिससे पौधे सन्तुलित मात्रा में पोषक तत्वों का उपयोग कर सकें।

## श्री शिवशक्ति पीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर हनुमान चालीसा पाठ 22 को

**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनंत श्री शिवशक्ति पीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर आगामी 22 मार्च को सामूहिक रूप हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। आचार्य डॉक्टर दिनेश चंद्र भारद्वाज ने बताया कि आयोजक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल का एक मात्र उद्देश्य सनातन परिवारों में धर्म एवं धार्मिक कार्यक्रमों तथा भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति चेतना जागृत करना है। जिसको सकारात्मकता दिलाने के लिए उक्त संस्था नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न नगरों एवं ग्रामों के सनातन परिवारों में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रमों का आयोजन करती है। उन्होंने बताया कि स्थापना से वर्तमान तक यह संस्था प्रत्येक वर्ष निर्धारित किए गए स्थान पर सामूहिक संगीत में अखंड हनुमान चालीसा समारोह का भी आयोजन नियमित रूप से करती आ रही है। संरक्षक जगदीश अरोड़ा, डॉ. एके सक्सेना, अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल, महासचिव सुनील कुमार, उपाध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा, संगठन मंत्री प्रीतम सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार रस्तोगी, प्रवेश मिश्रा, कैलाश नाथ, संदीप अग्रवाल, दिनेश राणा सतेन्द्र शर्मा, मनोज कुमार रस्तौगी द्वितीय आदि शामिल रहे। जिन्होंने 22 मार्च के कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व सफलता दिलाने का संकल्प लिया।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाये : सीओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** होली व रमजान को लेकर बुधवार अपराह्न थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि भारत त्यौहारों का देश है। इस बार रमजान के दौरान शुक्रवार के दिन दुल्हैंडी के रंग का जुलूस है। इस दौरान दूसरे संप्रदाय के धार्मिक स्थलों पर रंग और गुलाल न फेंका जाए ताकि किसी की भावनाएं आहत न हो। उन्होंने क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब को सराहा और कहा कि सभी लोग त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें, जिससे अमन शांति बनी रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने कहा कि पूर्व निर्धारित मार्गों से ही जुलूस निकाले जाएं। त्यौहार हमें आपसी प्रेमभाव से रहने की शिक्षा देते हैं, उनसे हमें कुछ ना कुछ सीख अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि सभी लोग शरारती तत्वों से सचेत रहें और आपसी प्रेम भाव बनाए रखें। बैठक में प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार, सहकारी गन्ना विकास समिति अफजलगढ़ के अध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, होरी सिंह तोमर, ग्राम प्रधान डॉ. राजेश सिंह, शानू फरीदी, फिरोज बेग, हुकुम सिंह कश्यप, पूरन सिंह चौहान, ज्ञानचंद प्रजापति, सरवन सिंह, अय्याज अहमद सिद्दीकी सहित समस्त उप निरीक्षक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# जल भराव की समस्या का समाधान



**शाह टाइम्स संवादताता**

**रेहड़।** एसडीएम धामपुर के आदेश पर दूसरी बार गांव पहुंची अधिकारियों की टीम ने दोनों पक्षों की सहमति से गांव नारायणवाला में आबादी के बीच एक माह से सड़क पर हो रहे जल भराव की समस्या का समाधान करा दिया। पंपिंग सेट लगाकर सड़क पर जमा गंदे पानी को निकलवा दिया। अब वहां मिट्टी डलवाकर मनरेगा से 185 मीटर लंबी इंटरलॉक सड़क और उसके दोनों ओर नालियों का निर्माण कराकर गंदे पानी को तालाब में डाला जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला निवासी जाफर हुसैन, फिरासत हुसैन, नफीस अहमद, जमशेर, अरबाज आदि ग्रामीणों ने 21 फरवरी को एसडीएम धामपुर को दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि उनके घरों व गांव का गंदा पानी उनके घरों के सामने बनी नालियों से होते हुए खेतों में जाता था। परंतु गांव के कुछ लोगों ने अपनी दबंगई के बल पर गंदे पानी की निकासी बंद कर दी, जिससे उनके घरों के सामने सड़क तालाब में तब्दील हो गई। गत शुक्रवार को एसडीएम के आदेश पर एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व विभाग की टीम गांव नारायणवाला आई थी, परंतु दोनों पक्षों के बीच सहमति न बनने पर टीम बैरंग लौट गई थी। बुधवार की दोपहर नायब तहसीलदार अफजलगढ़ कपिल कुमार आजाद के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम पुनः गांव नारायणवाला पहुंची और दोनों पक्षों की सहमति से समस्या का समाधान करा दिया। लेखपाल अभय प्रताप सिंह ने बताया कि खेत स्वामी के पंपिंग सेट से गंदे पानी की निक. ासी करा दी गई है। एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह ने बताया कि जल भराव वाले स्थान पर मिट्टी डालकर 185 मीटर लंबी इंटरलॉक सड़क और उसके दोनों और नालियों का निर्माण कार्य कराकर गंदे पानी को तालाब में डाला जाएगा। इंटरलॉक सड़क का निर्माण होने तक पंपिंग सेट द्वारा पानी की निकासी जारी रहेगी। इस दौरान नायब तहसीलदार अफजलगढ़ कपिल कुमार आजाद, राजस्व निरीक्षक नरेश कुमार, लेखपाल अभय प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, मनरेगा के तकनीकी सहायक राहुल कुमार व नन्हे सिंह, प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार, उपनिरीक्षक रहीस पाल आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**केंद्र सरकार...** क्योंकि यह पर्यावरण-अनुकूल, आरामदायक और तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और एक दिशा में यात्रा का समय लगभग आठ से नौ घंटे से घटाकर लगभग 36 मिनट कर देगी। रोप-वे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पूरे वर्ष रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराएगी। रोप-वे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में लास्ट मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर तक की यात्रा गौरीकुंड से 16 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या खच्चर, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा तय किया जाता है। प्रस्तावित रोप-वे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग तथा केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। केदारनाथ 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है जो उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यह मंदिर साल में अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दीपावली (अक्टूबर-नवम्बर) तक लगभग छह से सात महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

# महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का करती है प्रदर्शन

**मुंबई, वार्ता**

महिला उद्यमी मजबूत वित्तीय अनुशासन का प्रदर्शन करती हैं और अधिकांश महिलाएं स्वतंत्र रूप से व्यवसाय का संचालन करती है। आज जारी नियोग्रोथ के नवीनतम नियोइनसाइट्स अध्ययन से पता चला है कि महिला व्यवसाय मालिकों का प्रभाव व्यवसाय की सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है, क्योंकि उनके उद्यमों ने व्यक्तिगत सशक्तिकरण, परिवारों के लिए वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा दिया है और समुदाय में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का काम किया है।

3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया गया। 'भारत में महिला व्यवसाय स्वामियों की उद्यमशीलता की भावना' विषय पर किए गए इस सर्वेक्षण ने इस तरह की उद्यमशीलता की यात्राओं में अंतर्दृष्टि प्रदान की और उनकी प्रेरणाओं, चुनौतियों और

**3,000 से अधिक महिला व्यवसाय मालिकों के बीच यह सर्वेक्षण किया**

महत्वाकांक्षाओं की जांच की, जबकि कई स्तरों पर उनके द्वारा छोड़े गए प्रभाव पर जोर दिया गया। लगभग 98 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे अपने व्यवसायों के आधार पर अपने और अपने परिवारों के लिए आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, 61 प्रतिशत ने बताया कि उनके परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, जबकि 54 प्रतिशत ने आत्मविश्वास और वित्तीय आत्मनिर्भरता में वृद्धि की बात कही। महिला उद्यमियों ने अपने समुदायों को भी प्रभावित किया, 67 प्रतिशत ने अन्य महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में सशक्त बनाया, 50प्रतिशत ने कर्मचारियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित किया, और 47प्रतिशत युवा लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए रोल मॉडल बनाया। 70 प्रतिशत महिला व्यवसाय मालिक स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के आधार पर व्यवसाय शुरू करती हैं। भारतीय महिला व्यवसाय मालिकों की उद्यमशीलता की यात्रा काफी हद तक स्व-प्रेरित है, जिसमें 70 प्रतिशत ने स्व-प्रेरणा और आकांक्षा के परिणामस्वरूप अपना व्यवसाय शुरू किया। शेष उत्तरदाताओं को उनके जीवनसाथी और परिवार के सदस्यों द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इसने अवसर-संचालित उद्यमशीलता की ओर एक मजबूत बदलाव को उजागर किया। क्योंकि महिलाएँ अपनी व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित थीं। भारत में महिलाएं उद्यमिता को सशक्तिकरण और वित्तीय स्वतंत्रता के मार्ग के रूप में देख रही हैं। लगभग 66प्रतिशत ने अपने उद्यम को कैरियर के अनुभव और महत्वाकांक्षा, या वित्तीय स्वतंत्रता और उद्देश्य की एक मजबूत भावना के

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
कालीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

पांचवां रोजा वक्त इफ्तार 6 मार्च शाम 6:23
छठा रोजा वक्त सहरी 7 मार्च सुबह 5:12

विधानसभा क्षेत्र –19 बढ़ापुर से
विधायक पद के भावी प्रत्याशी
मौ0 सलमान की जानिब से
होली पर्व एवं ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

मौ0 सलमान
मैक्स रियल स्टेट चैयरमेन

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात


रमजान माह की बधाई
शेख जाकिर हुसैन
जिला अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जिला-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
शमीम अख्तर
उपाध्यक्ष-अल्पसंख्यक वेलफेयर सोसायटी
कोतवाली देहात


रमजान की हार्दिक बधाई
अरूण कुमार वर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल
भाजपा नेता, स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी
चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत
मण्डावर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
शेख शाहनवाज खलील
युवा समाजसेवी, नगीना
जिलाध्यक्ष- स्थानीय निकाय अध्यक्ष संघ
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
रागिब हुसैन शहजादा
वरिष्ठ समाजसेवी
नगर पंचायत, झालू


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के वाइस चेयरमैन
नहटौर


रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


समाजवादी पार्टी जिंदाबाद

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मनोज पारस
विधायक नगीना
व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार
काजी सुहैल इकबाल
नगराध्यक्ष सपा नगीना
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. खुर्शीद मंसूरी
चेयरमैन
अनूप कुमार रावत
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, साहनपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर, कोतवाली देहात


# युवा सर्राफा व्यापारी की सड़क हादसे में मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** युवा सर्राफा व्यापारी की कार की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई, जिससे उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

नगर के उद्योगपति अजय अग्रवाल भट्टे वालों के युवा पुत्र सर्राफा कारोबारी आयुष अग्रवाल 38 वर्ष मंगलवार की देर रात अपनी कार से बिजनौर से किरतपुर आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार हाइवे पर डीपीएस स्कूल के पास पहुंची तो गलत साईड से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली



से भीषण टक्कर हो गई। जिससे आयुष अग्रवाल की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया। उसी समय किरतपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी बिजनौर से किरतपुर आ रहे थे। उन्होंने कार दुर्घटनाग्रस्त देख कर आयुष अग्रवाल के परिवार वालों को सूचित किया। युवा व्यापारी की मौत की खबर सुनकर परिवार में शोक व्याप्त हो गया।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर में लाइट नहीं थी तथा ट्रैक्टर गलत साईड से बिजनौर की ओर जा रहा था, जिसके कारण दुर्घटना हुई।

बुधवार की सुबह जब पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव किरतपुर पहुंचा तो उनके निवास स्थान पर आखिरी दीदार करने वालों की भीड़ लग गई और सभी की आँखें नम हो गई। मृतक आयुष अग्रवाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए।

# थाना परिसर में पीस कमेटी की मीटिंग

## मिलजुल कर त्यौहार मनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना परिसर में होली के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल ने की।



बुधवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा नगर व क्षेत्र के सभी सामाजिक व राजनीतिक और धर्म गुरुओं को बुलाकर आगामी त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की अपील की गई। इस मौके पर एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल आए हुए सभी लोगों से शासन के आदेश के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की कोई भी नई परंपरा नहीं करने दी जाएगी और सभी लोगों से आपसी भाईचारे के साथ होली के त्यौहार को मनाने की अपील की।

इस मौके पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने पुलिस प्रशासन को आश्वासन दिलाया कि हमारे नगर में सभी धर्म के लोग एक दूसरे के त्यौहार में बाढ़ चलकर हिस्सा लेते हैं। आगामी त्यौहार भी इसी तरह से मनाए जाएंगे। वहीं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि होली का त्यौहार हो या ईद का त्योहार हमारे नगर क्षेत्र की जनता आपसी सद्भाव के साथ मनाती आ रही है और इसी तरह मनाती रहेगी। वहीं शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने कहा कि त्योहार खुशी का त्यौहार होता है सबको मिलजुल कर मानना चाहिए और बनाते आ रहे हैं। भाजपा नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि होली के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सभी नगर वासियों के सहयोग की जरूरत है लेकिन दूसरे धर्म की भावनाओं का भी ध्यान रखना चाहिए। सीओ ने आए हुए सभी लोगों से कहा कि यह शहर आपका है, इसमें शांति व्यवस्था बनाए रखना नगर के सभी लोगों की जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिए है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने आए हुए सभी लोगों को आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन द्वारा नगर की शांति व्यवस्था के लिए नगर की जनता के साथ है। आगामी त्यौहार होली के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी की जिम्मेदारी है, यदि किसी को कोई शिकायत है तो वह तत्काल मुझसे संपर्क करें।

इस मौके पर चौधरी फहीमुर रहमान, वली उर रहमान, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, भाजपा सभासद मोहम्मद अकरम अल्वी, डॉ. यज्ञदत्त गौड़, ग्राम प्रधान मोहम्मद कासिम अंसारी, ग्राम पद के भावी प्रत्याशी मोहम्मद आलम अंसारी, सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, अजीम चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सुभाष, राजवीर, गोविंद विक्रम व नत्थू को कारावास

## गैर इरादतन हत्या में सुनाई गई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे तृतीय ने गैर इरादतन हत्या के पांच अभियुक्तों को दस वर्ष के कारावास एवं 15-15 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने एक अगस्त सन 2006 को थाना कोतवाली देहात पर तहरीर दी थी कि ग्राम ककराला निवासी सुभाष चंद, राजवीर व गोविंद सिंह पुत्रगण ज्वाला सिंह, विक्रम सिंह पुत्र नत्थू सिंह एवं नत्थू सिंह पुत्र सावनिया ने एक राय होकर लाठी डण्डों व लोहे की मुसली आदि से वादी व वादी के परि. जनों के साथ मारपीट करते हुए गंभीर चोटें पहुंचाई। जिससे उसके परिजन टोनी की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 529/2006 धारा 147, 148, 149, 304, 323, 324, 504 व 506 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। इस मामले में अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय एडीजे तृतीय ने पांचों आरोपियों को दस वर्ष के कारावास एवं 15-15 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# पांच सौ लोगों को किया मुचलका पाबंद

## ड्रोन कैमरे की निगरानी में निकलेगा दुल्हैण्डी का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री आदर्श होली हवन कमेटी के तत्वावधान में 13 मार्च को मनाया जाने वाला होली का पर्व दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन ने पर्व को शांतिपूर्ण बनाने के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी है। जिसके तहत थाना क्षेत्र के 163 गांवों में होलिका दहन को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्र को पांच सेक्टर में विभाजित किया है तथा 500 लोगों को मुचलका पाबंद की कार्रवाई की है। दुल्हैण्डी का निकलने वाला जुलूस ड्रोन कैमरे की निगरानी में निकलेगा

श्री आदर्श होली हवन कमेटी के तत्वावधान में 13 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। जिसके तहत 10 मार्च को एकादशी का जुलूस निकलेगा साथ ही त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में रमजान व होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी ने बताया कि थाना क्षेत्र को पांच सेक्टर में विभाजित किया है, जिसमें चार सेक्टर देहात क्षेत्र में रखे गए हैं। एक सेक्टर नगर पालिका क्षेत्र में रखा गया है। नगर क्षेत्र में निकलने वाले एकादशी का जुलूस, सुखे रंग का जुलूस, दुल्हैण्डी का जुलूस से निकलने से पूर्व जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ड्रोन कैमरों से मार्गों को देखा जाएगा। जुलूस के मार्गों पर पढ़ने वाले धार्मिक स्थलों पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा तथा हर धार्मिक स्थल पर राइफल धारी पुलिसकर्मी तैनात रहेगा। किसी भी धार्मिक स्थल पर रंग नहीं पड़ने दिया जाएगा तथा जुलूसों के मार्गों पर पड़ने वाली घरों की ड्रोन कैमरे द्वारा तलाशी कराई जाएगी। छतों पर ईट, पत्थर पड़े हुए मिले, तो उन्हें तत्काल हटवाया जाएगा। जुलूस में असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए वीडियो ग्राफी कराई जाएगी ताकि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। थाना क्षेत्र के अंतर्गत 163 स्थान पर होलिका दहन होगा। उन्होंने बताया कि 500 लोगों के खिलाफ मुचलका पाबंद की कार्रवाई की गई है। डेढ़ सौ लोगों को रेड कार्ड जारी किए जाएंगे तथा 50 ग्रीन कार्ड 50 पीले कार्ड जारी किए जाएंगे। नगर पालिका क्षेत्र में मौहल्ला जोशियान, होली वाला, धर्मशाला, वाल्मीकि बस्ती में बैठकें आयोजित की जाएगी तथा इन मौहल्लों में विशेष पुलिस फोर्स तैनात किया जाएगा। होली के जुलूस सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे। लगातार एक टीम मोबाइल गश्त करती रहेगी। त्यौहार को मनाने में प्रशासन का सहयोग करें। जिसे होली के रंग से एतराज हो वह घर से न निकले। किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दी जाएगी। होली का पर्व शांतिपूर्ण मनाने के लिए सभी तैयारियां कर ली गई है।

# नजीबाबाद के मुख्तार को छह वर्ष का कठोर कारावास

## पॉक्सो एक्ट में सुनाई गई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने नजीबाबाद के मुख्तार को छह वर्ष के कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि पॉक्सो एक्ट के साथ बीएनएस के तहत जनपद में यह पहली सजा सुनाई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार छह जनवरी 2025 नजीबाबाद थान में वादिनी ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त मुख्तार पुत्र सईदुद्दीन निवासी मौहल्ला रम्पुरा, नजीबाबाद के द्वारा अपनी दुकान पर उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की गई। नजीबाबाद पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 9/25 धारा 76 बीएनएस व 9एम/10 पॉक्सो अधि. नियम में पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने तीव्रता के साथ गंभीरतापूर्वक न्यायालय में पैरवी की थी। न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने अभियुक्त मुख्तार को छह वर्ष के कठोर कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# फारूक बिजनौरी अमीर खुसरो अवार्ड से सम्मानित

## चाहने वालों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर के मशहूर व मारूफ शायर फारूक बिजनौरी को उड़ीसा में आयोजित उड़ीसा उर्दू अकादमी के ऑल इंडिया मुशायरा में अमीर खुसरो अवार्ड से सम्मानित किया गया। फारूक बिजनौरी की इस उपलब्धि से उनके चाहने वालों में खुशी की लहर है।



स्थानीय मौहल्ला चाहशीरी निवासी जनपद बिजनौर के मशहूर व मारूफ शायर फारूक बिजनौरी को अमीर खुसरो अवार्ड से उड़ीसा में सम्मानित किया गया है। उड़ीसा उर्दू अकादमी के सौजन्य से अमीर खुसरो फाउंडेशन समबलपुर (उड़ीसा) के द्वारा ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत हुकुमचंद कोठारी मुंबई ने की। जबकि निजामत गैबी जौनपुरी ने की। मुशायरा में फारूक बिजनौरी को समबलपुर उड़ीसा के विधायक जय नारायण मिश्रा ने सिपासनामा पेश किया व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मशहूर शायर फारूक बिजनौरी को अमीर खुसरो अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम तपस्विनी हाल उड़ीसा में संपन्न हुआ। जिसके अंत में मुशायरा के संयोजक नासिर फराज एवं सचिव परवेज अली खान ने सभी का आभार प्रकट किया। फारूक बिजनौरी को मिली इस उपलब्धि से उनके चाहने वालों में खुशी की लहर है और लोग उनके घर पहुंच कर उन्हें मुबारकबाद दे रहे हैं।

# बाइक सवार दम्पति की सड़क दुर्घटना में मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम खतापुर के पास एक बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पति व पत्नी की मौत हो गई। चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।



थाना क्षेत्र के ग्राम साहनपुर निवासी देवेंद्र कुमार (44 वर्ष) व उसकी पत्नी अनिता (41 वर्ष) बुधवार को बाइक से बिजनौर जा रहे थे। ग्राम खतापुर के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर जा गिरे। वाहन के पहिए के दोनों का सिर कुचल गया और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पति-पत्नी की मौत होने से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र पाल सिंह का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### हादसे में ई-रिक्शा चालक घायल

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर ग्राम फुलसंदा में ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। ग्राम फुलसंदा गंगदास निवासी 50 वर्षीय इसरार अहमद ई-रिक्शा लेकर खाना खाने जा रहा था। ग्राम फुलसंदा में अचानक एक बाइक ने उसकी ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इस दौरान ई रिक्शा पलट गई और इसरार अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगिरों की मदद से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से बिजनौर रैफर कर दिया गया।

### हिस्ट्रीशीटर बदमाशों का सत्यापन



**बिजनौर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर के द्वारा आज शहर कोतवाली में हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का सत्यापन किया गया। इस दौरान अपराधियों से संबंधित जानकारी को त्रिनेत्र एप में फीड करने आदि के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही हिस्ट्रीशटरों को किसी भी आपराधिक गतिविधि में सम्मलित न होने की चेतावनी भी दी गई।

### ईमानदारी अभी जिंदा है...



**धामपुर।** ईमानदारी अभी जिंदा है यह कहावत पक्का बाग निवासी नौशाद सलमानी ने साबित की है। बताते हैं कि नौशाद सलमानी बीते दिनों एक बैंक में किसी कार्य से गए थे। इसी दौरान उन्हें एक लावारिस मोबाइल पड़ा हुआ मिला। नौशाद अहमद ने आसपास कई लोगों से पूछताछ की मगर उसे मोबाइल के मालिक का पता नहीं चला। बाद में नौशाद ने मोबाइल को कोतवाली ले जाकर जमा करा दिया। पुलिस ने जब छानबीन की तो पता चला कि उक्त मोबाइल मोहल्ला खतियान निवासी गौरव वर्मा का है। खोया हुआ मोबाइल पाकर गौरव वर्मा की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गौरव ने नौशाद का आभार व्यक्त किया है। उधर कोतवाली पुलिस ने भी नौशाद की ईमानदारी की सराहना की है।

# आयमन नदीम वफा ने रखा रोजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला नायक सराय में नदीम वफा के बेटे आयमन ने सात वर्ष की छोटी सी उम्र में रोजा रख कर एक मिसाल कायम की।



मौहल्ले वासियों व परिजनों ने बताया कि छोटी सी उम्र में इतनी बड़ी हिम्मत दिखाना बहुत बड़ी बात है। आयमन के पिता नदीम वफा ने बताया मेरे बच्चे ने रोजा रखने की जिद कर ली थी और जिद के सामने बच्चे ने किसी की नहीं सुनी और अल्लाह की रजा के लिए बालक ने अपना रोजा मुकम्मल कर लिया। बालक की हिम्मत को देखते हुए मौहल्लेवासियों में खुशी का माहौल है। मौहल्ले वासियों ने बताया बच्चों से नसीहत लेकर सभी मुसलमान भाइयों को अल्लाह की रजा के लिए रमजान में पूरे 30 रोजे रखने चाहिए और पांच वक्त की नमाज पढ़नी चाहिए। अल्लाह से हर वक्त तौबा करते रहना चाहिए। बालक के पिता नदीम वफा ने बताया कि यदि इंसान ठान ले, तो इंसान आसानी से रमजान के पूरे 30 रोजे रख सकता है। उन्होंने कहा सभी को रमजान में अल्लाह की इबादत और रोजा रखने चाहिए बालक के पिता मौहम्मद नदीम एवं मौहल्ले वासियों ने आयमन की उम्रदराज की दुआ दी।

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत पर अधिकारियों ने नहीं लिया संज्ञान

**कालागढ़।** उत्तराखंड पुलिस ने एक फेसबुक पोस्ट लिखने पर बीती 29 जनवरी की रात को पत्रकार को उठाकर थाने ले आती है और कोरे कागजों में हस्ताक्षर करा के मुकदमा दर्ज कर रात भर उनको लॉकअप में रखती है। जहां पर पत्रकार उत्पीड़न किया गया। वहीं पत्रकार का कहना है कि वो अपनी पोस्ट के जरिये कुछ दिन पूर्व सड़क हादसे में हुई 20 वर्षीय अंजली थापा की हुई मौत को लेकर न्याय मांग रहे थे। जिसमें मृतका अंजली थापा की माता नीलम ने उनसे मदद मांगी थी। क्योंकि पुलिस फरार आरोपी को 12 दिन तक भी नहीं पकड़ पाई थी। जिस संबंध में पत्रकार सुधांशु ने उनकी मदद की थी। लेकिन पुलिस आरोपी को पकड़ने की बजाय उनको ही रात में घर से उठाकर लॉकअप में बंद कर देती है। इस संबंध में पत्रकार ने सीएम पोर्टल में इंस्पेक्टर सहित कई पुलिस कर्मियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। लेकिन जिनके खिलाफ शिकायत की गई थी। उन्होंने ही जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी और यहां तक की शिकायतकर्ता सुधांशु थपलियाल से भी कोई सम्पर्क करना उचित नहीं समझा। जिससे साफ जाहिर होता है कि अधिकारी मुख्यमंत्री द्वारा बनाये सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में आई शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेते है और अधिकारिओं के ऐसे कार्यों से सरकार की छवि भी धूमिल होती है।

# स्वयं और स्वयंभू को जानने के लिए करना होगा पुरुषार्थ

## नई बस्ती में 'शिव बाबा' के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बिजनौर में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन हो गया। इस मौके पर आयोजित समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ध्वजारोहरण किया गया। तथा केक काटकर परमपिता शिव बाबा की जयंती भी मनाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि खुद को पहचान. ने के बाद ही हम परमात्मा शिव बाबा को जान सकते हैं और इसके लिए हमें पुरूषार्थ करने की जरूरत है।




सिविल लाइन के बी-14 मौहल्ला नई बस्ती में नवनिर्मित ब्रह्माकुमारी के सेंटर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि इंदिरा सिंह अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिजनौर ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों ने लोक कल्याण में अपना जीवन समर्पित किया है। ये बहनें समर्पित होकर निस्वार्थ भाव से सेवा कर रही हैं। बहनें अपने ज्ञान रूपी प्रकाश से लोगों के अंधकारमय जीवन को रोशन कर रही हैं। वहीं, पानीपत से आए बी.के. भारत भूषण डायरेक्टर जी.एम.आर.सी. ने ब्रह्माकुमारी सेंटर के लिए नवनिर्मित भवन को समर्पित करने वाले अग्रवाल परिवार की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में लोग ईश्वर से प्रार्थना करते हुए गाते हैं कि 'तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा. ..' लेकिन जब परमात्मा को कुछ अर्पण, अथवा समर्पण करने की बात आती हैं, तो उनकी हालत ऐसी हो जाती है कि 'तेरा तुझको अर्पण करूं तो दिल धड़कत मेरा...'। ऐसे दौर में बहन गोमती अग्रवाल के परिवार ने नवनिर्मित भवन बनाकर ब्रह्माकुमारी सेंटर के लिए नि:शुल्क और निस्वार्थ भाव से किया है।

# थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण



**कोतवाली देहात।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ग्राम अर्ज किया बुधवार को थाना कोतवाली देहात पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, परिसर, भोजनालय, बैरिक, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, थाने की राजकीय सम्पत्ति तथा अभिलेखों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सोलंकी, धर्मेन्द्र गिरी, आकाश तोमर आदि मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्री पायल ने हमारी इच्छा के विरूद्ध स्वयं अजय से शादी कर ली है। जिससे समाज में हमारी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। पायल पत्नी अजय का हमारी चल-अचल सम्पत्ति में कोई हक नहीं रहेगा। मैंने व मेरे परिवार ने पायल से अपने सभी तरह के संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**सत्यप्रकाश पुत्र रामस्वरूप सिंह निवासी ग्राम सक्तलपुर मिलक, थाना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर**

# मुंबई पुलिस ने हीमपुर के दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

## 62 लाख के टेलीकॉम वायर को किया था चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाने पहुंची मुंबई पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो व्यक्तियों को चोरी के आरोपों में गिरफ्तार किया है। मुंबई के पनवेल थाना क्षेत्र में टेलीकॉम लाइन का लाखों रुपये कीमत का तार चोरी करने का इन शातिर चोरों पर आरोप लगा है।

मुंबई के पनवेल थाने से जनपद बिजनौर के हीमपुर दीपा थाने पहुंची मुंबई पुलिस ने जाल बिछा कर थाना क्षेत्र के ग्राम उमरीपीर निवासी इंतजार पुत्र बुनियाद अली व नौशाद पुत्र निसार को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें पुलिस हीमपुर दीपा थाने ले आई और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। मुंबई पुलिस ने शाह टाइम्स प्रतिनिधि परीक्षित गुप्ता से वार्ता में बताया कि मुंबई के पनवेल थाना क्षेत्रान्तर्गत 21 जनवरी 2025 को एक टेलीकॉम कंपनी का 62 लाख रुपये कीमत का करीब 483 मीटर तार चोरी हुआ था, जिसके संबंध में 24 जनवरी 2025 को एफआईआर दर्ज की गई थी। सीसीटीवी की मदद और जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर 6 लोगों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है और उन्हीं की निशानदेही पर नौशाद व इंतजार निवासीगण उमरीपीर थाना हीमपुर दीपा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि इस गिरोह में करीब डेढ़ दर्जन अभियुक्त शामिल है। मुंबई में ऐसी कई चोरियां हुई है। फिलहाल 62 लाख की इस चोरी में अभियुक्त हत्थे चढ़े है, जिसके आधार पर अन्य चोरियाँ भी अब आसानी से खुल जाएगी। इन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में हीमपुर दीपा पुलिस के एसआई महेंद्र सिंह नागर व प्रकाशवीर सहित मुंबई पुलिस टीम से शरद बरकड़े, अभय सिंदे, सचिन गंवत, प्रताप देसाई सहित कुल 10 असिस्टेंट पुलिस इन्स्पेक्टर शामिल रहे।

# पुलिस पार्टी पर फायर करने के मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं का कटान के दौरान पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

थाना प्रभारी नजीबाबाद द्वारा गैंग लीडर फरमान पुत्र अकबर निवासी मौहल्ला कुरैशियान जलालाबाद, गैंग सदस्यगण शकील पुत्र छोटे व नसीम पुत्र महमूद निवासीगण मौहल्ला सानियान कस्बा साहनपुर थाना नजीबाबाद द्वारा भौतिक/ आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रतिबंधित पशुओं का कटान करने के दौरान पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर लोक व्यवस्था छिन्न-भिन्न करने के संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण शकील व नसीम को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई इलम सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल मन्नू राणा, कांस्टेबल सुनील कसाना शामिल रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

**नजीबाबाद।** नगर के बुंदकी मार्ग पर आज सुबह कार की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम पुरुषोत्तमपुर निवासी उषा अपने पति भूरे के साथ बाइक पर सवार होकर कही जा रही थी। बुंदकी मार्ग पर अचानक एक स्विफट कार की टक्कर से महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक महिला का शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।

# दिशा में वित्तीय जागरूकता वेबिनार




## वित्तीय योजना के महत्व पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स द्वारा आयोजित वित्तीय जागरूकता वेबिनार का शुभारम्भ ग्रुप के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल रजिस्ट्रार राजीव कुमार अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई द्वारा बड़े ही उत्साह एवं हर्ष के साथ किया गया।

दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशन्स् ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के सहयोग से एक वित्तीय जागरूकता वेबिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सेबी (SEBI) स्मार्ट ट्रेनर सीए (CA) वैभव झावेर ने छात्रों को बचत, निवेश रणनीतियों, शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और मुद्रास्फीति के प्रभाव पर मार्गदर्शन किया। सत्र में छात्रों और संकाय की सक्रिय भागीदारी के साथ प्रारंभिक निवेश और वित्तीय योजना के महत्व पर जोर दिया गया।

यह आयोजन छात्रों के बीच वित्तीय साक्षरता और स्मार्ट निवेश निर्णयों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. समीर अहमद (प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख), बृजनेश सिसौदिया (प्रबंधन विभाग प्रमुख) तथा फैकल्टी सदस्यों डा. एकता मलिक, विवेक कुमार, नाजिश, निधि चौहान, राजेश कुमार, एवं सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# आरबीडी कालेज में रेंजर्स निपुण शिविर का तृतीय दिवस संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय निपुण शि. विर का तृतीय दिवस संपन्न हुआ।

शिविर का तृतीय दिवस ध्वज शिष्टाचार के साथ आरंभ हुआ। जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात आज की प्रशिक्षक पुष्पा चौहान जी के द्वारा प्राथमिक सहायता के अंतर्गत हाथ की पट्टी, सिर की पट्टी, जबड़े की पट्टी, हाथ का झोल एवं प्राथमिक सहायता किसे कहते हैं उनके बारे में विस्तार से बताया गया। गांठे, बंधन जैसे कि छूमंतर गाँठे, जुलाहा गांठ, रीफ गाँठ एवं बंधन के बारे में बताया गया। विभिन्न प्रकार के गैजेट के बारे में भी बताया गया।

# भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## समस्याओं के समाधान की मांग उठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट ने गन्ना मूल्य 500 प्रति कुंतल कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार विजय वीर सिंह को सौंपे ज्ञापन में किसानों एवं मजदूरों से संबंधित विभिन्न मांगों की समस्या समाधान कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में गन्ना मूल्य पर पुनः विचार कर 500 रूपए प्रति कुंतल कराने, गन्ने की सूखी फसल का मुआवजा दिलाए जाने, विद्युत विभाग में लंबित शिकायतों का तत्काल समाधान कराने, चीनी मिलों द्वारा गन्ने की नई प्रजाति का बीज उचित दाम पर दिलाने, तहसील में दाखिल खारिज के नाम पर अवैध वसूली तत्काल बंद कराने, हिंसक एवं गुलदार को पकड़कर जंगल में छोड़ने आदि की मांग की। इस दौरान तहसील अध्यक्ष विनीत कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तुलन, कुलदीप कुमार, प्रहलाद, विपिन, नीरज चाहल आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विधवा ने षड़यंत्र के तहत पुत्रों को झूठा फंसाने का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम फजलपुर निवासी 70 वर्षीय विधवा महिला आमना पत्नी स्व. रफीक शाह ने राज्य मानव अधिकार आयोग व डीजीपी लखनऊ को पत्र भेजकर उसके पुत्रों के खिलाफ कुछ लोगों द्वारा षड्यंत्र रचकर उन्हें झूठे मुकदमें में फंसाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराने की गुहार लगाई है।

विधवा आमना का आरोप है कि उसके ग्राम के तीन दबंग किस्म के लोग आए दिन उसके परिवार को तंग व परेशान करते रहते हैं। 31 मार्च 2023 को उसने उक्त लोगों के खिलाफ थाना नजीबाबाद में मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर फैसला करने के लिए आरोपी लगातार उन पर दबाव बनाते रहे। फैसले से इंकार करने पर 16 फरवरी 2025 को उसके पुत्र शमशेर पर हमला कर उसे जान से मारने की कोशिश की गई। उसके बाद गुलशेर की गेहूं की फसल बर्बाद कर दी गई। इसकी शिकायत उसने 19 फरवरी 2025 को थाना नजीबाबाद में की थी।

थाने में रसीद नहीं दी गई, तो पीड़िता ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। तीन मार्च 2025 को वाजिद ने अपनी पत्नी गुलसान को बुरी तरह पीटा। इस घटना को ग्राम के कई लोगों ने देखा। इसके वाजिद अपनी पत्नी को नजीबाबाद थाने ले गया और वहां पर उसके पुत्र गुलशेर व शमशेर के खिलाफ मारपीट करने का झूठा प्रार्थना पत्र दे दिया। जबकि घटना के समय दोनों पुत्र ग्राम में नहीं थे। पीड़िता ने मामले की जांच कराकर झूठे मुकदमे से बचाने व दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### भजनों से कार्यक्रम स्थल बना बजरंग मय



**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान एवं बाबा नीब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक बाबा रामदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजनों से कार्यक्रम स्थल को बजरंग मय बना दिया। बाबा नीब करौरी कृपा कुंज पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। दीपेश जैन, गौरव गुप्ता, शिवानी गुप्ता, अनुपम अग्रवाल, परी अग्रवाल, हिमांशु गुप्ता, सत्यम गुप्ता, नीरज पंवार, विकास वशिष्ठ, कान्हा शर्मा, प्रदीप शर्मा एवं धामपुर के अनेक गणमान्य नागरिकों को भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एवं उनके अनन्य भक्त वीर बजरंगबली हनुमान जी महाराज के जयकारों के बीच विशेष सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में सहभागिता तथा भजनों का उच्चारण करने वाले बालाजी दरबार के सेवको एवं सेविकाओं में मुख्य रूप से धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के संस्थापक सुभाष कौशिक एवं संरक्षक पंकज भटनागर तथा अध्यक्ष डॉ. अनुज वर्मा, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, पंडित तरुण, पवन कौशिक, महावीर सिंह सैनी, मुन्नी देवी सैनी, मेघराज सिह चौहान, चेतन सैनी, संजय अग्रवाल आदि रहे।

### टाइल्स गिरने से कार का शीशा टूटा

**नजीबाबाद।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी की कार मौहल्ला हवेलीतला स्थित नदीम के दुमंजिला मकान के नीचे खड़ी थी। अचानक ही ऊपरी मंजिल की टाइल्स उखड़ कर नीचे खड़ी कार पर गिरने से कार का अगला शीशा पूरी तरह से टूटकर चकनाचूर हो गया, जिससे पत्रकार का हजारों रुपए का नुकसान हो गया। कार के शीशे पर गिरी टाइल्स की आवाज सुनकर आसपास के घरों के लोग बाहर निकल गए तथा वहां खेल रहे बच्चे सहम गए।

### सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। मोहल्ला बाडवान स्थित डालचंद सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। हनुमत डटे रहो आसन पर जब तक कथा राम की हो यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार से लाल सिंह सैनी, डालचंद सैनी, नीरज सैनी, अंकित ठाकुर, भावना सैनी, भूरिया देवी, रोशनी देवी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, निखिल अरोरा, सत्येंद्र भारद्वाज, मास्टर सुनील कुमार, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# प्रेमिका से शादी न होने पर फांसी लगाकर जान दी

**नजीबाबाद।** एक युवक द्वारा प्रेमिका से शादी न होने से परेशान होकर अपने गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मंडावली क्षेत्र के ग्राम कांठपुर में अमित (22 वर्ष) पुत्र राकेश ने कल शाम अपने घर के कमरे में छत में लगे लोहे के कुंडे में कपड़े से अपने गले में फंदा लगा लिया। परिजनों ने जब युवक को वहां फंदे से लटका देखा तो वह तुरंत उसे वहां से उतार कर उपचार के लिए ग्राम के एक चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम में चर्चा है कि युवक का किसी युवती से इश्क चल रहा था तथा वह उससे शादी करना चाहता था। मगर उससे उसकी शादी नहीं हो पा रही थी। जिससे परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

# बिजनौर में धूमधाम से निकली खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में खाटू वाले श्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शोभायात्रा में श्याम भक्तों की भारी भीड़ रही। उनका उत्साह देखने योग्य था। शोभायात्रा में सबसे आगे एक भक्त श्याम बाबा का ध्वज लेकर चल रहा था। शोभायात्रा में बैंडबाजे की धुन पर खाटू वाले श्याम बाबा के भजन गाए जा रहे थे। भजनों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। शोभायात्रा में गणपति महाराज, शिव पार्वती, राम एवं श्याम बाबा व श्याम बाबा का खटोला की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में महिलाओं और पुरुषों की दो अलग-अलग टोलियां श्याम बाबा की झंडियां लेकर चल रही थीं। रामलीला मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा का बाजार में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा करके एवं मिष्ठान वितरित करके स्वागत किया गया। रात्रि करीब दस बजे शिव मंदिर नई बस्ती पहुंचकर शोभायात्रा सम्पन्न हुई। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष अनिल गंभीर, महामंत्री संजय गुप्ता, चीनू वर्मा ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया।

## सात मार्च को होगा भव्य संकीर्तन

**बिजनौर।** श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत सात मार्च को नुमाइश ग्राउंड में भव्य संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। संकीर्तन सायं छह बजे से शुरू होगा। श्री श्याम मित्र मंडल बिजनौर में सर्वश्री अनिल गंभीर, संजय गुप्ता, संदीप अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, प्रवीण गंभीर, सुनील गंभीर, चन्द्रपाल सिंह, मनोज गोयल, अभिषेक गंभीर, पं. कौशल किशोर कौशिक, आयुष अग्रवाल, प्रशांत वर्मा, तरूण कुमार, आदित्य अग्रवाल, क्षितिज वर्मा, शिखर गुप्ता, रचित गोयल, कृष्णा ठाकुर, विधान भारद्वाज, नीरज कुमार, अभिराज, विनय तितोरिया, शिवम वर्मा, राघव भारद्वाज सदस्य हैं।

# होली के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

## अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर आगामी त्यौहारों पर रमजान सहित होली के पर्व को लेकर कोतवाली में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। क्षेत्र में कोई भी छोटी बड़ी घटना हो तत्काल पुलिस को सूचना दे। इसके अलावा उन्होंने लोगों से त्यौहारों को मिलजुल कर मनाने की अपील की।

प्राप्त समाचार के अनुसार बुधवार को अफजलगढ़ कोतवाली प्रांगण में आगामी त्यौहारों रमजान सहित होली के पर्व को लेकर शांतिसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष सुमित राठी ने कहा कि रमजान का पर्व चल रहा है। इसके अलावा होली का पर्व आने वाला है। सभी मुस्लिम भाइयों को रमजान पर्व व हिन्दू भाइयों को होली पर्व की बधाई दी। होली के पर्व पर सभी लोगों से शांतिपूर्वक मनाने की अपील की है। वहीं बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी व भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत ने त्यौहारों को मिलजुलकर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहार प्यार और एकता का संदेश देते है। आगामी त्यौहारों को हमेशा की तरह इस बार भी सभी लोगों से मिलजुलकर मनाने का आह्वान किया। थानाध्यक्ष सुमित राठी को सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष सुमित राठी, एसएसआई श्रीपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, अफजलगढ़ ईओ एसपी सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, मौलाना मुख्तयार अहमद, पंडित मुकेश जगमोला, समाजसेवी परवेज विकार, प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी, प्रधान पति गितेन्द्र चौधरी, सभासद उमेश अग्रवाल, समाजसेवी नीरव रस्तौगी, गौरव गुप्ता, प्रधान उमर अहमद, प्रधान पति शकील अहमद, मौलाना इस्माइल नदवी, प्रधान पति रिजवान अहमद, प्रधान यामीन अहमद, अनील नारायण, कासिफ अंसारी, प्रधान मुख्तियार छोटे, पूर्व सभासद इकरार कुरैशी, सभासद पुत्र इरफान अहमद, प्रधान कैलाशचंद्र चौधरी, तुलाराम सैनी तथा बृजमोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नमाज पढ़ते समय हार्ट अटैक से मौत

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मजीदगंज निवासी नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत्त कर्मचारी निसार अहमद मंगलवार को तीसरा रोजा इफ्तार करने के बाद अजमल खां मार्ग पर कब्रिस्तान वाली मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा कर रहे थे। दूसरी रकात के दौरान अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया। इसी दौरान उनकी मौत हो गई। मस्जिद में नमाजी की अचानक मौत से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। निसार अहमद नगर की कोल्हू वाली मस्जिद के इमाम मौलाना इम्तियाज के बहनोई थे। निसार अहमद की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पालिकाकर्मियों व काफी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर रंजो गम का इजहार किया।

### महाराणा कुंभा छात्रावास का लोकार्पण आठ को




**चंदक।** सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने केएलएस इंस्टीट्यूट में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य छात्रों का सर्वागीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि वह केएलएस परिसर को ऐसा केन्द्र बनाना चाहते हैं, जिससे उच्च शिक्षा घर-घर और आम हो जाए। यहां प्राप्त की गई शिक्षा न केवल व्यवसायिक हो बल्कि संस्कारित और सामाजिक भी हो इसी कारण बहुत ही न्यूनतम फीस पर सुभारती छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर में छात्रावास का निर्माण कराया गया है। नवनिर्मित महाराणा कुंभा छात्रावास का लोकार्पण आठ मार्च को संस्थान परिसर सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार राज्य सूचना आयुक्त करेंगे। जिसमें जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झां मौजूद रहेंगे।

### मजदूर की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत

**नहटौर।** गांव कश्मीरी निवासी खलील अहमद (45 वर्ष) मजदूरी का काम करता है। वह किसी काम से नहटौर आया था। नहटौर के मोहल्ला नौधा में वह एक दुकान पर बैठकर चाय पी रहा था। अचानक चाय पीते हुए उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे चिकित्सक को दिखाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने उसके परिवार को सूचना दी। परिवार के लोग शव को गांव ले गए। मजदूर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में शव का कफन दफन कर दिया गया। मृतक खलील अहमद मजदूरी करके अपना गुजारा करता था। पूर्व में उसकी पत्नी की भी मौत हो चुकी है।

### ऋण मुक्ति शिविर कल

**बिजनौर।** जिले के अग्रणी बैंक पीएनबी द्वारा सात मार्च को एनपीए खाताधारकों हेतु शहर में स्थित शहनाई बैंकट हॉल में ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में पीएनबी की जिले के अंतर्गत आने वाली सभी शाखाओं के एनपीए खाताधारक भरपूर छूट का लाभ उठा सकते हैं। उक्त शिविर का उद्देश्य एनपीए खाताधारकों को विशेष छूट प्रदान कर उन्हें ऋण मुक्त करना है। ऋण मुक्ति शिविर, बैंक के प्रधान कार्यालय के महाप्रबंधक उत्तम कुमार, विशिष्ठ अतिथि एवं अशोक कुमार मण्डल प्रमुख बिजनौर के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। एनपीए खाताधारक अपने खातों का एक मुश्त समझौते के अंतर्गत निपटान कराकर न्यायिक व्यवधानों से मुक्ति पा सकते हैं। उक्त शिविर के संबंध में किसी भी जानकारी हेतु पंजाब नैशनल बैंक की समस्त शाखाओं मण्डल कार्यालय एवं वसूली केंद्र बिजनौर से संपर्क किया जा सकता है।



सम्भल-त्यौहारों और सुरक्षा आदि को लेकर नगर के मुख्य मार्ग पर रूट मार्च करते डीआईजी मुनिराज

# हिंदू समुदाय को दिया जाए पूजा का अधिकार

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद मं मंदिर को लेकरउच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे विवाद के बीच हिंदू समुदाय से जुड़े लोगो ने राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री समेत प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर धर्म स्थल में पूजा का अधिकार दिये जाने की मांग की है।

बाबा क्षेमनाथ तीर्थ मंदिर के महंत बाल योगी दीनानाथ के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कहा कि हिंदू समुदाय के लोगों को विवादित ढांचे में पूजा-अर्चना करने का अधिकार देने की मांग की। ज्ञापन में हिंदू पक्ष ने कहा कि मंदिर को लेकर उच्च न्यायालय में चल रहे विवाद को शीघ्र सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, जबकि जब तक न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आ जाता है तब तक हिंदू समुदाय को भी वहां पूजा-अर्चना का अधिकार दिया जाए। इसके अलावा प्रशासन यह भी सुनिश्चित करे कि इस स्थल पर शांति और सौहार्द बना रहे, और किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। साथ ही इस स्थल की वास्तविक स्थिति को ऐतिहासिक तथ्यों और सबूतों के आधार पर स्पष्ट किया जाए। ज्ञापन में गम्भीर मामले में उचिवत संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई कर हिंदु समुदाय की आस्था को सुरक्षित रखा जाकर न्याय सुनिश्चित किये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में संजीव कुमार, कैलाश मनोज शर्मा, योगेन्द्र, कैलाश आदि के हस्ताक्षर थे।



सम्भल-पूजा का अधिकार दिये जाने की मांग को एसडीएम को ज्ञापन देते।

# दंगा नियंत्रण को डीआईजी ने कराया पूर्वाभ्यास

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आपात परिस्थितियो के नियंत्रण को पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में नवीन पुलिस लाइन बहजोई में जनपदीय पुलिस बल को दंगा/बल्वा नियंत्रण ड्रिल (पूर्वाभ्यास) कराया गया।

**▸▸ मॉक ड्रिल कर शस्त्रों, उपकरणों की जांची गई क्रियाशीलता**

बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनिराज व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की उपस्थिति में नवीन पुलिस लाइन ग्राउण्ड में में आगामी त्यौहारों, पर कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आपात परिस्थितियो बलवाइयों/अराजतत्वों व गड़बड़ी फैलाने वालों से सख्ती से निपटने को जनपदीय पुलिस द्वारा दंगा नियंत्रण/बल्वा मॉक ड्रिल कर शस्त्रों/उपकरणों की क्रियाशीलता को जॉच की गई। जबकि पुलिस कर्मियों को दंगों से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण उपकरणों का पूर्वाभ्यास कराया गया। दंगा नियंत्रण/बल्वा मॉक ड्रिल के दौरान ड्रोन से सम्पूर्ण कार्यवाही पर सतर्क दृष्टि रखते हुए निगरानी की। मॉक ड्रिल में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, आरक्षी/मुख्य आरक्षी तथा महिला आरक्षियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों का प्रयोग कराकर पूर्वाभ्यास कराया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर की सड़कों पर फोर्स के साथ डीआईजी ने किया रूट मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस उपमहानिरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने नगर की सड़कों पर रूट मार्च कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया।

डीआईजी मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद ने मंदिर में मस्जिद के विवाद पथराव व फायरिंग के बाद सर्तकता जारी है। संवेदनशील क्षेत्रो में विशेष निगाह रखी जा रही है। हिंसा ग्रस्त क्षेत्रों के साथ अन्य स्थानों पर भी पुलिस की विशेष सर्तकता की निगाह है। बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनिराज व पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने पुलिस फोर्स के साथ चन्दौसी चौराहे से रूट मार्च किया। आधुनिक हथियारों से लैस पुलिस कर्मियों संग किया गया रूट मार्च में शामिल जवानों ने शांति सेना के जवानो ने नगर की सड़कों पर मार्च कर क्षेत्र की भौगौलिक स्थिति का जायज़ा लिया और आपदा अथवा किसी भी विपदा से तत्काल निपटने के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया, उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा व सी ओ आदि भी मौजूद रहे।

# स्वागत व सम्मान के साथ निकलेगी त्रिशूल यात्रा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** त्रिशूल यात्रा के स्वागत और सम्मान के साथ निकालने की रणनीति बनायी गयी।

क्षेमनाथ तीर्थ पर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवा त्रिशूल यात्रा को नगर सम्भल में संपूर्ण सम्मान और भव्य स्वागत के साथ निकाला जाएगा। इस दौरान यात्रा की संपूर्ण रूपरेखा तय की गई तथा स्वागत एवं प्रस्थान की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। भगवा त्रिशूल यात्रा, जो प्रयागराज से प्रारंभ हुई है। कल आज नगर पहुंचेगी यात्रा के स्वागत को नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों को चयनित किया गया है। जहां श्रृद्वालुओं द्वारा यात्रा का अभिनंदन किया जाएगा। यात्रा पातालेश्वर महादेव मंदिर, मुन्नी माता मंदिर, मनोकामना तीर्थ, कल्कि विष्णु मंदिर, सूर्यकुंड मंदिर से होते हुए क्षेमनाथ तीर्थ पहुंचेगी।

**क्षेमनाथ तीर्थ पर बैठक में बनी रणनीति**

क्षेमनाथ तीर्थ पर महंत बालयोगी दीनानाथ द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं आशीर्वचन के पश्चात यात्रा को सम्भल से चंदौसी के लिए प्रस्थान कराया जाएगा। यह यात्रा धर्म, संस्कृति और एकता का प्रतीक है, जिसमें नगरवासियों सामाजिक, धार्मिक संगठन समेत हिंदू समाज की उत्साही भागीदारी के सुनिश्चित करने को साथ साथ भव्य स्वागत करने की अपील की गई। बैठक में शोभित गुप्ता, शक्ति शंकर, गौरव राघव, श्याम लाल, परविंदर सिंह, जगपाल सिंह, भीकम सिंह आदि शामिल रहे।



बबराला-गुरुकुल राजघाट के बच्चों को वितरित किए गए कॉपी व पैन्सिल आदि।

# गुरुकुलों आर्य समाज के सहयोग से भारतीय संस्कृति रहेगी सुरक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के पूर्व प्रधानाध्यापिका की प्रथम पुण्य स्मृति में शांति यज्ञ महर्षि दयानंदार्ष गुरूकुल राजघाट में गुरूकुल के ब्रह्मचारियों एवं आचार्यो सन्यासियों के सानिध्य में गुरूकुल की भव्य यज्ञशाला में यज्ञ आयोजित किया। समाजसेवी नवनीत गाँधी ने अपनी माँ स्वर्गीय महादेवी गुप्ता आर्य वैदिक गुरूकुल पद्वति एवं आर्य समाज परंपरा को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए समाजिक, आध्यात्मिक विचारधराओं से ओतप्रोत होकर समाज में एक अच्छा संदेश देने के उद्देश्य से सराहनीय कार्य किया हैं। यज्ञ के ब्रह्मा विक्रम सिंह आर्य द्वारा आयुर्वेदिक औषधियों से निर्मित हवन सामग्री से वैदिक मंत्रोच्चारण करके शांति यज्ञ (हवन) संपन्न कराया एवं यज्ञ के मुख्य यजमान नवनीत गाँधी समाज सेवक ने गुरूकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहें ब्रह्मचारियों को ड्रॉइंग किट, पठन सामग्री, सात्विक भोजन, मिष्ठान, दक्षिणा आदि का वितरण किया। नवनीत गाँधी ने बताया कि देश पुनः भारतीय संस्कृति की तरु गुरूकुल आर्य वैदिक संस्कृति के माध्यम से ही वापस लोटेगा जिसके लिए हमें गुरुकुलों में जाकर जन्मदिन, शादी वर्षगांठ, पुण्य स्मृति आदि कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए तथा गुरूकुलों आर्य समाजों में सहयोग करके भारतीय संस्कृति को सुरक्षित रखने में अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाहन करते रहना चाहिए। इस उपलक्ष्य में उनका परिवार गुरूकुल के आचार्य सन्यासी अन्य विद्वान उपस्थित रहे।

## पुरस्कार वितरण समारोह में अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) द्वारा ग्राम- चमरौआ में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को जिला अध्यक्ष अमरोहा दीपक गुर्जर ने कहा कि ग्राम देवपुरा, अंबेडकर पार्क धनौरा, जिला अमरोहा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (पुरस्कार समारोह) का कार्यक्रम है। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. विनोद नागर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अशोक कुमार अधाना भी शिरकत करेंगे। समस्त कार्यकर्ताओं सहित समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान किया।बैठक में कामेन्द्र चौधरी, मिंकू चौधरी, ठाकुर अनमोल कुमार एवं कन्हैया कुमार प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिंसा में इस्तेमाल ईंटों का पुलिस चौकियों के निर्माण में प्रयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंसा में हुए पथराव के बाद इकटठी की गई ईंटों का प्रयोग नवीन पुलिस चौकियों के निर्माण में किया जा रहा है। पुलिस चौकियां इन्ही ईंटों पर खड़ी की जायेगी।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने के बाद हिंसा भड़क गयी थी। हिंसा में पथराव और गोलीबारी की घटना हुई थी। इसमें पांच की जान भी चली गई थी जबकि दर्जनों पुलिस कर्मी व प्रशासनिक अधिकारी भी घायल हुए थे। पथराव के बाद पुलिस व प्रशासन ने नगर पालिका कर्मचरियों के माध्यम से पथराव की ईंटों व हिंसा ग्रस्त क्षेत्र के आसपास जमा ईंटों व चौकों को इकटठा करा लिया गया था। पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई ने बताया कि जिन ईंट पत्थरों का प्रयोग कर उपद्रवियों ने 24 नवंबर को पुलिस कर्मियों को घायल किया था उन्हीं ईंटों का प्रयोग सम्भल पुलिस द्वारा चौकियों का निर्माण कर सम्भल के लोगो की सुरक्षा में लाया जा रहा है। एसपी ने बताया कि चौकी दीपा सराय और चौकी हिंदूपुरा खेड़ा को बनाने में इन ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।

## अभियान को दी गति

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी सम्भल में अभियान को गति प्रदान की।

# प्रदूषण से बचाव का करें वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नागरिक सुरक्षा संगठन गुन्नौर की बैठक में पर्यावरण को स्वच्छ बनाने पर ज़ोर दिया।

संगछन के चीफ वार्डन योगेन्द्र सिंह यादव के इंद्रा चौक स्थित आवास पर आयोजित बैठक में संगठन के चीफ योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि वृक्षों से हमे, जल, अन्न और अन्न से जीवन मिलता है। उन्होने कहा कि प्रदूषण रूपी दानव से निजात को सभी को वर्षाकाल में वृक्षारोपण करना होगा। हमें धार्मिक सामाजिक संस्थाओं पर्यावरण प्रेमियों, स्कूल कालेज व महाविद्यालय के छात्रों को साथ लेकर पार्कों, उद्यानों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाने चाहिए। इनकी देखभाल बेटा-बेटी की तरह की जानी चाहिए। वृक्षारोपण से जहां प्रदूषण समाप्त होता है। वहीं वर्षा भी अधिक होती है। प्रमोद कुमार ने कहा कि हमें अपने आसपास को साफ सुथरा रखना चाहिए। नदियों, तालाब, समुन्द्रों में घटिया कैमिकल्स से निर्मित पदार्थों का अवशेष नहीं डालना चाहिए। इनमें कोई विर्सजन भी नहीं करना चाहिए। इनमें कोई विसर्जन भी नहीं करना चाहिए। इस दौरान श्रीपाल सिंह यादव, उमेश कुमार, सत्यपाल, घलेन्द्र सिंह यादव मुकट सिंह, अरविंद कुमार आदि रहे।

# मोदी सरकार की सदबृद्धि को किसानों की अरदास

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एमएसपी गारंटी कानून समेत किसानों की 13 अन्य मांगो को लेकर चल रहे आन्दोलन व किसान नेता के मरणव्रत के सौ दिन पूरे होने पर भाकियू असली कार्यकर्ताओं ने एक दिन का उपवास पर अरदास कार्यक्रम का आयोजन कर संत डल्लेवाल के स्वास्थ्य की कामना की।

जिला मुख्यालय पर आयोजित अरदास व उपवास कार्यक्रम में भाकियू असली नेताओं ने कहा कि 13 फरवरी 2024 से एस के एम गैर राजनैतिक व के एम एम के बैनर तले शुरू हुआ किसान आन्दोलन के तहत शम्भू बॉर्डर पर आज भी चल रहा है,लेकिन तानाशाह मोदी सरकार विगत में किसानों से किए गए वादों से मुकर रही है।जिससे क्षुब्ध होकर एस के एम गैर राजनैतिक के कन्वीनर सरदार जगीजीत सिंह डडल्लेवाल 26 नवम्बर 24 से मरण व्रत पर हैं। कैंसर जैसे गम्भीर रोग से ग्रसित होने पर पर भाकियू असली के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर पहुंचकर एक दिन का उपवास किया और अरदास कार्यक्रम रखकर किसान नेता संत डल्लेवाल के स्वास्थ्य की कामना कर मोदी सरकार की सदबुद्धि प्रदान करने की कामना की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से श्रृषिपाल सिंह, आशिक रज़ा,राजपाल सिंह यादव,जयवीर सिंह यादव, ओम प्रकाश राणा, सचिन यादव,साबिर खां, वीरेश यादव,दौली सिंह, कमलेया आर्य, शन्नू खां, मोहन सिंह, बिशन सिंह यादव, राम वीरेश यादव,मनोज गुप्ता, मोहर सिंह यादव, भूदेव राणा, ब्रज कुमार आर्य,सत्यपाल, यशपाल यादव, बाबूराम प्रजापति,महावीर सिंह, सुरेश सिंह,रामसेवक लोधी आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत बोर्ड की बैठक 11 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक ग्यारह मार्च को 11 बजे सभागार कक्ष में आयोजित की जायेगी। अध्यक्ष कौसर अब्बास की और से जारी प्रेस नोट में सभी सभासदों का प्रतिभाग करना आवश्यक बताया गया।

# एरियर भुगतान को बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई गुन्नौर द्वारा शिक्षको के वर्षो से लंबित एरियर के भुगतान हेतु अनुस्मारक ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी गुन्नौर को सौंपा।

महासंघ के पदाधिकारियों ने विगत कई सत्रों (2021-22 व 2022-23) के डीए डिफरेंस ,बोनस का एरियर अद्यतन शिक्षको को नही मिला है। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण 2023 में गुन्नौर आए 5 शिक्षको का कई माह का वेतन नहीं मिला है। जिससे सम्बंधित शिक्षक परेशान है। खण्ड शिक्षा अधिकारी गुन्नौर विनोद मेहरा द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह शीघ्र ही एरियर का भुगतान कराएंगे। इस मौके पर महासंघ की ब्लॉक संयोजिका प्रीति शर्मा, वरिष्ठ सह संयोजक सचिन वार्ष्णेय, सह संयोजक श्रृषभ शर्मा, सरिता चौधरी व फ्रुल्ल कुमार, शिक्षक भरत सिंह, पूनम आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी।

# इफ्तार और तरावही के समय कटौती की जाए बंद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बिजली की समस्या को लेकर सपा जिला सचिव ने कार्यकर्ताओं के साथ बिजली एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा।



समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अ ख त र इसराइली के नेतृत्व मे कार्यकर्ता एकत्र होकर बिजली घर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने एक्सईएन नवीन गौतम को ज्ञापन देकर कहा कि रमजान महीने मे लगातार बिजली मे कटौती हो रही है। कटौती भी सहरी, इफ्तार और तरावीह में की जा रही है। जिससे रोजा रखने और इबादत करने मे परेशानी हो रही है। हातिम सराय बिजली घर से हो रही कटौती को बन्द किया जाए। ज्ञापन देने वालों मे हाजी नफीस, हाफिज वसीम, फहीम, मौ. जमाल, इकबाल कुरैशी, जाहिद कुरैशी, मौ. कासिम, वसीम खां आदि मौजूद रहे।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं आगामी त्यौहार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आगामी त्यौहार शांति एवं कानून व्यवस्था के मददेनजर पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक में पुलिस-प्रशासन के सहयोग करने पर ज़ोर दिया।

**▸▸ नई परम्परा नहीं डालने व अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील**

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई ने आगामी त्यौहार पर थाना क्षेत्रों से पहुंचे प्रमुख धर्म गुरूओं व सम्भ्रांत व्यक्तियों से रमज़ान, होली सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति पूर्वक मनाने ओर किसी तरह की कोई नई परम्परा नहीं डालने पर ज़ोर दिया। इसके अलावा किसी तरह की अफवाह पर कोई ध्यान नहीं देने तथे और किसी घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने पर ज़ोर दिया। बैठक में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की गई। इस मौके पर एडीएम प्रदीप वर्मा के अलावा अन्य कर्मचारी भी बैठक में मौजूद रहे।

# तेज पछुआ हवा से तपिश हुई कम, तापमान में गिरावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर क्षेत्र में बुधवार को पछुआ हवाएं चल रही हैं इन हवाओं से धूप की तपिश कम हुई साथ में जापमान भी गिरा है।

उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षेम के गुजर जाने के बाद पिछले दो दिनों से ेज रफ्तार पछुआ हवा चल रही है। मंगलवार को हवा की रफ्तार 40 किमी प्रतिघंटे के पार चली गई। मौसम विभाग के मुतातिबक प्रदेश भर में उत्तरी पछुआ हवा गुरूवार तक चलती रहेगी। इसके असर से तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। बुधवार की ुसबह से ही हवाएं चलनी शुरू हो गई। जिनकी रफ्तार दोपहर तक और तेज होने की समभावना है। वहीं गुरूवार को पछुआ हवा की रफ्तार 40 से 50किमी प्रति घंटे तक जाने का अनुमान है। इसके असर से दोपहर में होने वाली धूप की तल्खी में कमी आयेगी। वैज्ञानिक ने बताया कि गुरूवार के बाद हवा की रफ्तार थमने से दिन में धूप की तपिश में फिर मिलेगी।

## फसलों को हो सकता है नुक्सान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर उप सम्भागीय प्रसार अधिकारी के सहायक विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा का कहना है कि तेज पछुआ हवा से यँ तो कोई विशेष नुकसान नहीं होने वाला है,लेकिन जिन तैयार मौसमी फसलों में ताजा पानी लगाया गया है, श्रहे इन तेज हवाओं से से थो बहुत नुक्सान से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# फॉर्मर आईडी बनवाने से किसानों को लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** फॉर्मर आइडी के रजिस्ट्रेशन कराए जाने को लेकर क्षेत्र के किसानों को जागरूक करने को लेकर निर्देश दिए जा रहे है। जनसेवा केन्द्र संचालकों को भी आदेशित किया गया है। प्रशासनिक कर्मचारी इसमें लगे है। जिससे अधिक से अधिक फार्मर आईडी समय से बन सके, लेकिन आधार कार्ड व खतौनी में नाम अलग होना बुजुर्ग किसानों के पिकंगर प्रिंट न आना, सर्वर डाउन आदि समस्याओं से इसकी गति धीमी चल रही है। अगर फॉर्मर आईडी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो उनकी सम्मान निधि की किस्त पर रोक लगा दी जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं किसान को होगी। इसलिए किसानों को चाहिए कि वह समय रहते अपना फॉर्मर आइडी के रजिस्ट्रेशन करा लें। ऐंसा शासन ने निर्देश जारी कर दिए हैं कि जिस किसान की फॉमर्र आईडी के रजिस्ट्रेशन नीं होगा। उसको मिलने वाली धनराशि पर रोक लगा दी जाऐगी। इसलिए किसान आईडी बनवाने में लगे है। उपजिलासधिकारी गुन्नौर आनन्द कटारिया ने कहा कि किसान फॉर्मर आइडी के रजिस्ट्रेशन को अवश्य करा ले। लेखपाल से लेकर अधिकारी भी इसको लेकर किसानों को गांव में जाकर जागरूक भी कर रहे हैं। फॉर्मर आईडी के रजिस्ट्रेशन के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते है।, कृषि सम्बंधी सेवाएं प्राप्त कर सकते है। फॉर्मर आईडी के माध्यम से बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की खरीद कर सकते है। इससे काफी लाभ प्राप्त होगा।

**▸▸ बिन रजिस्ट्रेशन रोक दी जाएगी किसान सम्मान निधि**

## पहाड़ों पर बर्फबारी ने धूप में भी कराया ठंड का असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पहाड़ों पर हुई बर्फबारी और का पूरा असर रहा। बुधवार को को चिलचिलाती धूप तो निकली, लेकिन ठंड का असर कम नहीं हो सका। धूप में भी चल रहे हवा के झोंकों ने ठंडक का पूरा अहसास कराया।

## दो दिन गुन्नौर विधानसभा में रहेंगे बदायूं सांसद

**बबराला।** समाजवादी पार्टी से बदॉयू लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव 7 मार्च को लोकसभा क्षेत्र बदॉयू के अन्तर्गत गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न पी डी ए पंचायत कार्यक्रमों एवं राजनैतिक व निजि कार्यक्रमों में समिमलित होंगे। रात्रि विश्राम यारा फर्टिलाईजर बबराला में करेंगे। जबकि 8 मार्च को प्रातः 09 बजे से निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग बबराला में आम जनता व सपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। तत्पश्चात विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर में आयोजित पी डी ए पंचायत कार्यक्रमों व अन्य राजनैतिक व निजि कार्यक्रमोमें शामिल होंगे। यह जानकाी निजि सचिव अनिल गोस्वमी ने दी।

# उपाध्यक्ष की माता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**असमोली।** केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष माता आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मी की शांति को परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई।

असमोली स्थित मेडिकल स्टोर पर आयोजित बैठक में महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने कहा कि राहिल भारतीय की माता का निधन होना एक अपूर्ण क्षति है। भारतीय जी के परिवार के इस गहन दुख में हम सभी सदस्य बराबर के सहभागी हैं। उन्होंने स्वर्गीय माता की दयालुता, विनम्रता, परोपकार, समर्पण, शिक्षा, सद्व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राहिल भारतीय की माता जी का निधन हम सब सदस्यों के लिए वज्राघात के समान है। मोहम्मद शाहनवाज खान ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राहिल भारतीय अपनी माता के निधन से शोक संतृप्त हैं। उनके इस दुख में सभी केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी उनके साथ हैं। सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शोकसभा में हेमंत वार्ष्णेय, श्याम शरण शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, पुनीत त्यागी, अंकुश त्यागी, रितिक शर्मा, प्रिय रत्न आर्य,सुबोध शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने किया।

# विवि के आंगन से ही राष्ट्र की प्रगति का रास्ताः राज्यपाल

## असम राजभवन की ओर से उच्च शिक्षा सम्मेलन में मंथन, सम्मेलन में शिक्षा मंत्री रानोज पेगू रहे बतौर मुख्य अतिथि, उच्च शिक्षा संस्थान रहें नई चुनौतियों को तैयार: प्रो. दीक्षित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** असम के राज्यपाल श्री लक्ष्मण आचार्य ने कहा, राष्ट्र की प्रगति का रास्ता विश्वविद्यालय के आंगन से निकलता है। हमारा सपना है, हम होमी भाभा जैसे वैज्ञानिक राष्ट्र को दें, हमारी आकांक्षा है कि हमारी संस्थाओं से परम पूज्य शंकर देव जैसे समाज सुधारक समाज को मिलें और गोपीनाथ बोरदोलोई जैसे महापुरुषों को तैयार करें। शिक्षा केवल ज्ञान का संचार नहीं, अपितु समाज के उत्थान और संस्कारों की नींव है। आचार्य असम राजभवन की ओर से राज्य की उच्च शिक्षा पर आयोजित सम्मेलन मे बोल रहे थे। सम्मेलन में शिक्षा मंत्री रानोज पेगू बतौर मुख्य अतिथि, टीएमयू के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित और शिक्षा मंत्रालय के सलाहकार प्रो. देवव्रत दास बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे सम्मेलन में प्रदेश की यूनिवर्सिटीज के कुलपतियों, कुलसचिवों, निद.ेशकों आदि की उपस्थिति रही। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रो. हरबंश दीक्षित बोले, उच्च शिक्षा के संस्थानों को अपने आप को नई चुनौतियों के लिए तैयार करना है। हमारे सामने विश्वस्तरीय शिक्षण प्रशिक्षण का परिवेश तैयार करने के लिए अपनी गुणवत्ता को लेकर सजग रहने की जरूरत है। इसके साथ ही हमें छात्रों की समस्याओं का निराकरण करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप नए पाठ्यक्रम तैयार करने एवं अन्य नवाचार माध्यमों से जन अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करना होगा। उल्लेखनीय है, दो तकनीकी सत्रों का संचालन प्रो. हरबंश दीक्षित और शिक्षा मंत्रालय के सलाहकार प्रो. देवव्रत दास ने किया। तकनीकी सत्रों में राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और शिक्षा मंत्री रानोज पेगू की अंत तक गरिमामयी मौजूदगी रही।

सम्मेलन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने, शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने और वैश्विक मानकों के अनुरूप राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई अहम पहलुओं पर गहन चर्चा हुई।




# शराब की दुकानों का आज होगा ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्रपाल ने बताया कि जनपद मुरादाबाद में वर्ष 2025-26 हेतु समस्त आबकारी दुकानों को व्यवस्थापन ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से दिनांक 06 मार्च 2025 को अपरान्ह् 4:00 बजे से सायं 5:45 बजे के मध्य पंचायत भवन में सम्पन्न होगा। आवेदकों को फोटोयुक्त पंजीकरण स्लिप/पैन कार्ड/फोटो आई0डी0 कार्ड के आधार पर ही पंचायत भवन परिसर के अन्दर अपरान्ह् 3 बजे के बाद गेट नं0 2 से प्रवेश कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश दिनांक 04.03.2025 में दिऐ गये निर्देशानुसार यदि कोई आवेदक ई-लॉटरी स्थल पर स्वयं उपस्थित नहीं हो सकता है तो उसके स्थान पर उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि रह सकता है। इस हेतु आवेदक को निर्धारित प्रारुप में प्राधिकार पत्र संबंधित जिला आबकारी अधिकारी से दिनांक 06.03.2025 को ई-लॉटरी प्रारम्भ होने से 02 घंटे पूर्व तक जारी करा सकता है। प्राधिकार पत्र निर्गत हेतु दो प्रतियों में प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसकी एक प्रति जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय में अनुरक्षित की जाएगी और दूसरी प्रति अधिकृत प्रतिनिधि को दी जाएगी, जिसके द्वारा पोर्टल जनरेटेड आवेदन पत्र की प्रति तथा अधिकृत प्रतिनिधि के पहचान पत्र की प्रति के साथ लाटरी स्थल पर प्रवेश की अनुमति दी जा सकेगी। पंचायत भवन परिसर के अन्दर आवेदकों के लिए वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नही होगी।

किसी भी आवेदक को उपरोक्तानुसार अपनी पहचान सत्यापित कराऐ बिना पंचायत भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## टिमिट में बीबीए ( आईबी ) के छात्रों के लिए भव्य बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग (टिमिट) में बीबीए (इंटरनेशनल बिजनेस) के छात्रों के लिए एक भव्य बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में व्यापारिक ज्ञान, विश्लेषणात्मक क्षमता और त्वरित निर्णय लेने के कौशल को विकसित करना था। इस रोचक प्रतियोगिता में बीबीए (आईबी) के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी व्यावसायिक



समझ का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को विभिन्न चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें व्यापार रणनीति, वैश्विक व्यापार, विपणन सिद्धांत, वित्तीय प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति और समसामयिक व्यावसायिक घटनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए। हर दौर में छात्रों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी समझ और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने विजेता और सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी शैक्षणिक प्रतियोगिताएँ न केवल छात्रों के ज्ञान का विस्तार करती हैं।

बल्कि उनमें प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, टीम भावना और व्यावसायिक दक्षता को भी विकसित करती हैं। इनसे छात्रों को वास्तविक व्यापार जगत की चुनौतियों का सामना करने की तैयारी मिलती है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजकों और संपूर्ण आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए न केवल एक शैक्षणिक अनुभव रही, बल्कि उनके ज्ञान और व्यावसायिक कौशल को परखने का एक महत्वपूर्ण मंच भी बनी। टिमिट निरंतर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## सोशलिस्ट पार्टी इंडिया जिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

**बिलारी।** सोशलिस्ट पार्टी इंडिया जिला सम्मेलन का आयोजन ग्राम फतेहपुर नत्था बिलारी में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में जिले भर से पार्टी कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार सम्मेलन में संगठन विस्तार, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया।डा संदीप पांडे ने कहा कि सोशलिस्ट पार्टी आम जनता की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और हम संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लेते हैं।

सम्मेलन में जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया जिसमें राजपाल सिंह अध्यक्ष,कोषाध्यक्ष अमरपाल,वीरेंद्र, रूपवती, आशा,बिंदु, रिंकल,हाजी उस्मान अली,सचिव रवि शंकर, विजय कश्यप। सोशलिस्ट युवा जनसभा में प्राची यादव कपिल राज, राज यादव,साक्षी, नीरज त्यागी, सुनील यादव,भावना, मुस्कान, अंकित आदि। महिला सभा में शिखा,रागनी,संजना, बंदना ,खुशबू यादव, हिमानी, खुशबू, सुशीला आदि ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता सलीम खान ने की।

## फरवरी माह का वेतन शिक्षकों के खाते में दस मार्च तक पहुंचने की उम्मीद

कांठ(शाह टाइम्स) तहसील एवं जनपद के हजारों परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन ग्रांट में करीब 1 करोड़ की कमी के कारण 10 मार्च तक खातों में पहुंचने की उम्मीद हैस जानक.ारी के अनुसार जनपद के हजारों शिक्षकों को फरवरी माह का वेतन अब तक मिल जाना चाहिए था सूत्रों ने बताया की ग्रांट में कमी होने के कारण फरवरी माह के वेतन में देरी हो रही है।

8 मार्च तक वेतन की ग्रांट मिलने की उम्मीद हैस शिक्षकों के खाते में 10 मार्च तक वेतन पहुंचने की उम्मीद हैस दूसरी और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सर्वेश शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही शिक्षकों को शीघ्र वेतन मिलने के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं।

# समस्त ब्लाकों में होगा मातृत्व अभियान का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन प्रत्येक माह की 01, 09, 16 व 24 तारीख को समस्त ब्लाकों में चिन्हित निम्न चिकित्सा इकाईयों पर आयोजित किया जायेगा। यदि इन तिथियों में सार्वजनिक अवकाश होता है तो अग्रिम दिवस में आयोजन किया जायेगा। पीएमएसएमए दिवस पर जनपद की गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाचें कुशल चिकित्सकों के द्वारा की जाएगी। जांचोपरांत यदि यह पाया जाता है कि गर्भवती महिला उच्च जोखिम गर्भवती महिला है, तो उसकी जांच पीपीपी योजना के अन्तर्गत चिन्हित अल्ट्रासाउंड सेन्टर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से निःशुल्क अल्ट्रासाउंड कराऐ जाने का प्रावधान है, जिस हेतु चिन्हित अल्ट्रासांउड सेन्टरों को चिन्हित गर्भवती महिला के अल्ट्रासाउंड उपरान्त रु0 425/- प्रति अल्ट्रासाउंड की दर से डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि श्री सांई अल्ट्रासांउड सेन्टर कांठ, कांठ डायग्नोस्टिक सेन्टर कांठ, नेरोमैड अल्ट्रासाउंड बिलारी, जीवन ज्योति यूजीसी ठाकुरद्वारा, जेके अल्ट्रासाउंड सेन्टर बिलारी, बाला जी यूजीसी डिलारी, धन्या यूएसजी सेन्टर मुरादाबाद, शर्मा अल्ट्रासाउंड सेन्टर आशियां मुरादाबाद, जनता अल्ट्रासाउंड सेन्टर मुरादाबाद, दिव्य डायग्नोस्टिक सेन्टर कुन्दरकी, अल्फा डायग्नोस्टिक सेन्टर कुन्दरकी, भारत अल्ट्रासाउंड भोजपुर, कलरव अल्ट्रासाउंड सेन्टर मुरादाबाद, शशिप्रभा यूजीसी सिविल मुरादाबाद, टीएमयू मुरादाबाद तथा जनता डायग्नोस्टिक सेन्टर कांठ पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेन्टर है।

# सपा विधायक ने पीतल कारोबारियों की समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाया

## वायु प्रदूषण के मुद्दे पर चिंता की व्यक्त, कोरोना कॉल के मुकदमों को वापिस लिए जाने की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने विधानसभा सत्र के दौरान अनेक मुददों को प्रमुखता से उठाया। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने पीतल कारोबारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। कहा कि मुरादाबाद को पीतलनगरी के नाम से इसीलिए जाना जाता है, क्योंकि मुरादाबाद में सबसे बड़ा पीतल के निर्यात का काम होता है। मुरादाबाद में अगवानपुर में फैक्ट्रीयों के रास्तों में लाइटों की व्यवस्था नहीं है, रास्ते भी अत्यन्त क्षतिग्रस्त है। मुरादाबाद में कोई उद्यमी फैक्ट्री लगाने के लिए जाता है तो वहां एमडीए की आर्थिटी उन्हें सहयोग नहीं देता। फेयर लगाने के लिये निर्यातकों को कोई सब्सिडी नहीं दी जाती। निर्यातकों को ऋण में ब्याज दर बढ़ा दी गई है। जीएसटी का पैसा निर्यातकों को आसानी से नहीं मिल पाता, जिस कारण मुरादाबाद में पीतल का कारोबार कमजोर होता है। मुरादाबाद का हवाईअडडा निर्यातकों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द शुरू किया जाए। बुनकर समाज पर बोलते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कही भी सूत डिपो नहीं खोला गया, बुनकरों की सब्सिडी को बहाल किया जाए। कहा कि वायू प्रदूषण पर बोलते हुए कहा कि वायु प्रदूषण से अनेक रोग हो रहे है। कहा कि मुरादाबाद में प्रदूषण के हालात खराब है। कहा कि पर्यावरण पर ध्यान देने की बजाय बिलारी के कृषि उद्यान केन्द्र में वहां अनुमति से अधिक पेड़ काटे जा रहे है। आतिशबाजी से अधिक प्रदूषण हो रहा है, इसके अलावा टॉवरों से अधिक रेडिएशन निकल रहे है, जो कि घातक बीमारी का रूप ले लेते है। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कोरोना कॉल में महामारी एक्ट में दर्ज हुए मुकदमों को वापिस लिए जाने की मांग की। कहा कि सरकार ने वर्ष 2021 में कोरोना काल में दर्ज मुकदमों को वापिस लिए जाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अभी तक चार्जशीटे लग रही है, जिससे लोगों के चरित्र प्रमाण पत्र, पासपोर्ट सत्यापन में दिक्कते आ रही है।



# अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ तहसील बिलारी अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली हेतु प्रेषित उपजिलाधिकारी बिलारी विनय कुमार सिंह को सौंपा। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत करया गया है कि महाबोधि महाविहार बोधगया, जिला- गया बिहार प्रदेश को हिंदू ब्राम्हणॉ से मुक्त कराने हेतु पूज्य भिक्षुओ द्वारा शांतिपूर्ण किए जा रहे देशव्यापी जनआंदोलन का अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ शाखा तहसील बिलारी समर्थन करती हैं तथा बिहार पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे निर्दोष भिक्षुओं पर किए जा रहे अमानवीय अत्याचार की घोर निंदा करते हैं, क्योंकि महाबोधि महाबिहार पर ब्राह्मणों का अवैध कब्जा है और यह अवैध कब्जा ब्राह्मणों ने कानून बनाकर कराया है तथा महाबोधि महाविहार टेंपल एक्ट 1949 बनाकर ब्राह्मणों को महाबोधि महाबिहार का मालिक दिखाया गया है, जबकि ब्राह्मण उक्त स्थान को अपवित्र मानते हैं तथा पदम पुराण में तो बुद्ध का चेहरा देखना भी पाप माना गया है फिर भी उक्त स्थान पर ब्राह्मणों का अवैध कब्जा है । उक्त ट्रस्ट मे कुल 9 सदस्य हैं जिसमें चार सदस्य बौद्ध और चार सदस्य हिंदू है तथा एक सदस्य जिला अधिकारी उक्त ट्रस्ट का अध्यक्ष होता है जोकि अक्सर हिंदू सोच का होता है, इस प्रकार कुल 9 सदस्यों में से सदैव पांच सदस्य हिंदू रहते हैं जोकि अपनी मनमानी करते हैं, जबकि जस्टिस मक जेफ रसन ने 1894 के महाबोधि महाबिहार के विवाद पर यह ऐतिहासिक फैसला दिया कि महाबोधि महाविहार मूलतः बौद्धों का पवित्र स्थल है और वैदिक ब्राह्मणों का उस पर से नियंत्रण हटाना चाहिए। इसलिए जनहित में हमारी संवैधानिक मांग है कि गैर संवैधानिक रूप से बने महाबोधि महाविहार टेंपल एक्ट 1949 को बिना शर्त शीघ्र रद्द किया जाए। महाबोधि महाबिहार से हिंदू ब्राह्मणों का गैर संवैधानिक अवैध कब्जा शीघ्र हटाया जाए। महाबोधि महाबिहार को मुक्त कराने हेतु चलाए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन में पूज्य बौद्ध भिक्षुओं का उत्पीड़न शीघ्र रोका जाए। जिला मथुरा के ग्राम करनावल में दो सगी बहनों के साथ दुराचार व उत्पीड़न के संबंध में। जिला बुलंदशहर के दलित युवक की घोड़े पर चढ़कर बारात निकलने पर वह मारपीट व उत्पीड़न के संबंध में न्याय दिलाया जाए। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के प्रति. निधि मंडल मे अध्यक्ष डॉ जगत पाल सिंह,डॉक्टर कुंवर सिंह ,डॉक्टर जगतपाल सिंह, के के नवल, वीर सिंह गौतम,डॉक्टर विजयदीप, विनीत कुमार, लाल सिंह गौतम, राम खिलाड़ी, रामवीर सिंह, निहाल सिंह ,जीतम सिंह, मनोज कुमार, प्रेम किशोर, जसवंत सिंह, हरिशंकर बौद्ध,अमर सिंह प्रधान, राजवीर सिंह, डॉक्टर ओमप्रकाश, डॉक्टर चरण सिंह,अर्जुन सिंह,बृजेशराजकुमार, शशि कुमार, राम अवतार, रितेश कुमार ,अमित कुमार, पुनीत प्रकाश एडवोकेट,मिंदर सिंह, नरेंद्र सिंह भारती, रामखिलाड़ी, प्रमोद कुमार, राजू, रामचंद्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चल रही तेज हवाएं गेहूं की फसल के लिए घातक

**गेहूं की फसल में भारी गिरावट होने की आशंका**

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बेमौसम के चल रही तेज हवाएं गेहूं की फसल के लिए घातक बन गई है जानकार तेज हवाओं से गेहूं की फसल में भारी नुकसान होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। सर्वविदित है कि इस समय गेहूं की फसल पूरे सवाब पर है और फसल में वाली आने के बाद दाना पडना शुरू हो गया है।

लेकिन तेज हवाएं गेहूं की फसल के दाने को सुखाकर कमजा.ेर कर रही हैं जिससे गेहूं की फसल में भारी गिरावट होने की आशंका व्यक्त की जाने लगी है। जानकारों का कहना है कि इस समय की हवाएं खेतों को सुखा देगी और इससे गेहूं की फसल पर बुरा प्रभाव पड़ेगा कुल मिलाकर गन्ने की फसल में नुकसान भरने के बाद अब किसानो के सामने गेहूं की फसल में भी होने जा रहे नुकसान की संभावनाएं बढ़ने लगी है।

# विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

## एंटी रोमियो टीम प्रभारी उप निरीक्षक ने बालिकाओं-शिक्षिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**डिलारी।** महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय टीम जनपद मुरादाबाद में बालिकाओं / शिक्षिकाओं को मिशन शक्ति अभियान फेज ख्र 5'के अंतर्गत 90 दिवसीय' चल रहे ऑपरेशन गरुड़, आपरेशन शील्ड, आपरेशन डेस्ट्राय, आपरेशन बचपन, आपरेशन खोज, आपरेशन मजनू, आपरेशन नशा मुक्ति, आपरेशन रक्षा, आपरेशन ईगल के सम्बन्ध मे श्री साईं पब्लिक स्कूल गो. विंदपुर थाना डिलारी में बालिकाओं /शिक्षिकाओं को एकत्रित कर जानकारी दी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे-विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकालीन सेवा -112 स्वास्थ्य सेवा- 102,108



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में जागरूक किया गया।

एंटी रोमियो टीम प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रप्रभा गौतम महिला कांस्टेबल 739 मनीषा महिला सुरक्षा दल प्रभारी थाना डिलारी उप निरीक्षक एकता चौधरी महिला कांस्टेबल आशा आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू क्विज प्रतियोगिता में ज्ञानी पुरुष टीम की झोली में स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइन्सेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी- सीसीएस आईटी और फैकल्टी ऑफ इंजी. नियरिंग- एफओई के फ्री थिंकर्स क्लब की अपने देश को जानें पर आयोजित दो दिनी क्विज प्रतियोगिता में बीटेक सीएस एवम् एआई के स्टुडेंट्स- जय कथूरिया, आर्यन कुमार और नकुल जैन की टीम- ज्ञानी पुरुष ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बीएससी ऑनर्स मैथ्स की मुस्कान शाह, बीटेक सीएसई की कृतिका जैन और बीसीए एमएडब्ल्यूटी की गौरी गुप्ता की टीम एसेंट ने रजत पदक, जबकि बीसीए द्वितीय वर्ष के स्टुडेंट्स- भूमिका गुलाटी, नमन विश्नोई और सुजीत यादव की टीम- ब्रेनी बाउल ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रोग्राम्स के स्टुडेंट्स की कुल 70 टीमों ने पंजीकरण कराया। प्रारंभिक चरण की वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 50 टीमों ने भाग लिया। पहले चरण में सफल 14 टीमों का चयन सेमीफाइनल राउंड के लिए हुआ। अंत में 06 टीमें विजयी फाइनल राउंड में पहुंचने में सफल रहीं। विजेता टीमों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा, इस क्विज प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों के अपने देश, संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रीय महत्व का परीक्षण करना था। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपनी राष्ट्रीय विरासत से जुड़ने और अपने ज्ञान का लगातार विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. द्विवेदी ने कहा, अपने देश को जानें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों के बीच सीखने, सौहार्द और टीम वर्क की भावना को बढ़ाने के लिए अति महत्वपूर्ण है। फ्री थिंकर्स क्लब की कोऑर्डिनेटर्स डॉ. सोनिया जयंत और डॉ. इंदु त्रिपाठी ने कहा, फ्री थिंकर्स क्लब छात्रों के बीच सीखने और बौद्धिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. जरीन फारूक, डॉ. अजय उपाध्याय, डॉ. संकल्प गोयल, श्री केबी आनंद, छात्र समन्वयक- संयम जैन, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।



**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र सुनील सैनी व पुत्रवधू श्रीमती प्रियंका सैनी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **ओमप्रकाश पुत्र धन सिंह व श्रीमती कमला पत्नी ओमप्रकाश निवासीगण ग्राम खदाना तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने (बहनोई) मुबस्सिर, (बहन) शबनम, भाई वसीम व भाई शमीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपने समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य उक्त लोगों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नईम पुत्र अरशद हुसैन निवासी जयन्तीपुर निकट अब्बास स्वीट्स, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र वासू को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में वासू के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **प्रमोद कुमार पुत्र स्वर्गीय राजाराम निवासी गोविंद नगर लंका बाग निकट चंदौसी रेलवे लाइन थाना कोतवाली कटघर, जनपद-मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत साहुपुर**
**विकास खंड-छजलैट ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 03.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-छजलैट की ग्राम पंचायत साहुपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्न कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 06.03.2025 से दिनांक 16.03.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प. /डाक खाने की पास बुक/ एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुकेश के घर से वेद प्रकाश के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 120X40 मी0 | 495626/- | 2% | 250 | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-साहुपुर**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कांकरखेड़ा**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 05.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कांकरखेड़ा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2023 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्र्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 20.03.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 20.03.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जूनियर हाईस्कूल से कब्रिस्तान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 120 मी0 | 541647.24 | 200 | 2% | 3 माह |
| 2 | मैन रास्ते से आबिद के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 79.30 मी0 | 290342.36 | 200 | 2% | 3 माह |
| 3 | पंचायत भवन में सीसी टाईल्स, रंगाई-पुताई व मरम्मत कार्य। | 49.8 मी0 | 141159.95 | 200 | 2% | 3 माह |
| 4 | आंगनबाड़ी केन्द्र में सीसी टाईल्स, रंगाई-पुताई व मरम्मत कार्य। | 26.5 मी0 | 165550.66 | 200 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत कांकरखेड़ा**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम मिशन निपुण भारत के अन्तर्गत थाना डिलारी जनपद -मुरादाबाद में एक कार्यशाला हमारा आंगन हमारे बच्चे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता, राजपाल सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सह अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी डिलारी त्रिलोक चंद, खंड शिक्षा अधिकारी डिलारी भूपेश दिनकर द्वारा की गयी। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र कुमार चौहान ए० आर ०पी ०द्वारा किया गया। सबसे पहले सरस्वती पूजा के पश्चात । खंड विकास अधिकारी डिलारी तथा सहायक विकास अधिकारी डिलारी चंद्र पाल सिंह ने विकास क्षेत्र -डिलारी के सभी विधालयो में 19 पैरामीटर पूर्ण करने के लिए उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारियो को निर्देशित किया। राजपाल सिंह चौहान द्वारा भी विकास क्षेत्र -डिलारी में बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, पंचायत एवं विकास विभाग द्वारा भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के विकसित भारत के अन्तर्गत चलाये जा रहें कार्यक्रमो की जानकारी दी तथा सदैव अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया।

खंड शिक्षा अधिकारी भूपेश दिनकर द्वारा राज्य परियोजना द्वारा कराए गए विधालयो के छात्र/छात्र-छात्राओं के थर्ड पार्टी आकलन में प्रथम बार 14 विधालय, दूसरी बार में 56 विधालय , तीसरी बार 45 विधालय निपुण घोषित होने पर उपस्थित आंगन बाड़ी कार्यकत्रियों, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारियो एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं मेंटर टीम को शुभकामनाएं दी तथा शीघ्र ही शेष विधालयो को निपुण बनाने के निर्देश के साथ अपना भी यथासंभव पूर्ण सहयोग देने का सन्देश दिया। जिला अध्यक्ष द्वारा अच्छा कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारियो, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं, एवं विभाग में कार्य कर रहे अन्य शिक्षक/ शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ सचिन कुमार शुक्ला, डॉ ऋतु त्यागी, सतेन्द्र सिंह, उपेन्द्र सिंह,आलोक कुमार, रजनी दिवाकर, अजय राज सिंह, सचिन शर्मा, कपिल कुमार,शुभम कुमार आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।



# कम्पोजिट विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**मुरादाबाद।** कम्पोजिट विद्यालय मनकुआ मकसूदपुर, विकास क्षेत्र डिलारी में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया।बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक एवं देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय आय एवं छात्रवृत्ति परीक्षा तथा नवोदय विद्यालय में चयनित होने वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कक्षा 8 के छात्र शिवा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपेंद्र कुमार ने विद्यालय की विकास यात्रा के सम्बन्ध में सभी ग्राम वासियों और बच्चों को अवगत कराया तथा सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। विशिष्ट अतिथि संदीप जटराना ब्लॉक मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक डिलारी, वीरेंद्र यादव, सुमित चौधरी, अभिषेक, धर्मपाल सिंह (सेवानिवृत् प्रधानाचार्य), सिद्ध राज सिंह(सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर) आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिक्षा एवं सोनिका यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपेन्द्र कुमार द्वारा समस्त अतिथियों एवं कार्यक्रम में सहयोग करने वाले समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।



# पीएनबी समेत अन्य बैंकों ने प्रारम्भ किया सीएम युवा उद्यमी सप्ताह कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह द्वारा दिनांक 04 मार्च को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा की गई, जिसमें बैंकों को अभियान चलाकर स्वीकृत/वितरण कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए हैं तथा सभी बैंकों को बुधवार से सी एम युवा सप्ताह मनाए जाने के निर्देश भी बैंकों को दिए जा चुके हैं। बैंकों द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में योजना में तेजी से कार्य करते हुए ऋण स्वीकृत एवं वितरण में बढ़ोतरी की गई है तथा युवा सप्ताह कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोन वितरण कराए गए जाने के निर्देश दिए गए। योजना के अंतर्गत 482 को ऋण स्वीकृति तथा 248 को ऋण वितरण की कार्रवाई बैंकों द्वारा की गई है। योजना के अंतर्गत प्रथमा बैंक द्वारा सबसे ज्यादा स्वीकृत एवं वितरण की कार्रवाई की गई है , जिनके द्वारा 576 आवेदन पत्रों के सापेक्ष 148 स्वीकृत किए गए हैं तथा 111 लाभार्थियों को लोन वितरण किया जा चुका है। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा भी योजना में अच्छे प्रयास करते हुए स्वीकृत एवं वितरण की कार्रवाई की गई है जिन्होंने 594 आवेदन पत्रों के सापेक्ष 113 को लोन स्वीकृत एवं 35 को लोन वितरण कर दिया गया है। भारतीय स्टेट बैंक को सबसे ज्यादा आवेदन 1016 प्रेषित किए गए परंतु उनके द्वारा 84 आवेदन स्वीकृत तथा 42 का वितरण कराया लिया गया है। संयुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि जिन लोगों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है वह अपनी कोटेशन एवं आवश्यक प्रपत्रों के साथ बैंक में अपनी औपचारिकताएं पूर्ण कारण ताकि ऋण वितरण की कार्रवाई पूर्ण की जा सके।

जम्मू एंड कश्मीर बैंक द्वारा भी एक स्वीकृत एवं वितरण की कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है।

# थाना भोजपुर में आगामी त्यौहार होली व रमजान को लेकर अमन कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** बुधवार को थाना भोजपुर में पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम सदर मुरादाबाद डॉ0 राममोहन मीणा और डिप्टी एसपी अमरिंदर सिंह थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों और ग्राम प्रधानों के साथ होली पर्व,रमजान व ईद उल फितर सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक की। बैठक में मौजूद लोगों से किसी भी बात को लेकर कोई परेशानी के बारे में जानकारी की।

मीटिंग में मौजूद लोगों ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि हमारे यहां सभी लोग आपस में मिलजुल कर भाईचारे के साथ त्यौहार शांतिपूर्ण मनाते हैं। एसडीएम सदर मुरादाबाद द्वारा जिस तरह से आप पूर्व में प्रेम मोहब्बत और शांतिपूर्ण तरीके से एक दूसरे के साथ मिलजुल कर पर्व मनाते आए हैं इसी तरह इस बार होली,रमजान व ईद पर भी शांति बनाए रखें। अशांति फैलाने वालों पर पैनी नजर रहेगी। बेवजह अफवाह फैलाने वालों को सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली का त्यौहार भाईचारे का पर्व है। इस दौरान थाना प्रभारी शरद मलिक, उपनिरीक्षक शराफत हुसैन, उपनि. रीक्षक बृजपाल सिंह, उपनिरीक्षक रामकुमार, उपनिरीक्षक कपिल, उपनिरीक्षक अनिल गोस्वामी, उपनिरीक्षक पंकज राठी, उपनिरीक्षक अजय दुबे, चेयरमैन पुत्र अर्शमान अंसारी , नगर इमाम मौलाना हनीफ मिस्बाही, मौलाना अशफाक, मुफ्ती यामीन, मुजफ्फर अली, पूर्व प्रधान गुलाम गौस, प्रधान नवाब अली, प्रधान पुत्र बरकत अली, शकील, पूर्व सभासद अशफाक खां, सभासद गयासुद्दीन, सभासद यासीन मलिक, सभासद प्रतिनिधि इस्तेकार, आदि मौजूद रहे।



## शराब के दाम होने पर दुकानों पर लगी भीड़

**सुरजन नगर ।** अंग्रेजी शराब के दामों में छूठ आने पर बुधवार को सुरजन. नगर में पेट्रोल पंप के पास अंग्रेजी शराब की दुकान पर लोगों की भीड़ लग गई। होली पर्व पर शराब की विशेष मांग रहती है इसलिए शराब के दामों में छूठ आने पर ग्रामीणों ने शाराब खरीदना आज से ही शुरू कर दिया है बुधवार को पूरे दिन अंग्रेजी शराब की दुकान पर शराब खरीदने वालों की भीड़ लगी रही।

## एक नजर

### कस्तूरबा गांधी में बनेंगे ओपन जिम खेलकूद सामग्री को मिलेंगे दो-दो लाख

**कांठ( शाह टाइम्स )** प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है। यहां की छात्राओं को स्वस्थ रखने व खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की योजना पर भी तेजी से काम चल रहा है। अब केजीबीवी में ओपन जिम भी बनाए जाएंगे। केंद्र सरकार की प्रोजेक्ट एडवायजरी बोर्ड (पीएबी) की बैठक में इस पर सैद्धांतिक सहमति मिल गई है। बैठक में तय किया गया कि ओपन जिम के लिए 13.66 करोड़ दिए जाएंगे। इसके साथ ही 683 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में खेलकूद सामग्री खरीदने के लिए प्रति विद्यालय दो-दो लाख कुल 13.66 करोड़ दिए जाएंगे। वहीं एक कस्तूरबा, एक खेल योजना को भी बढ़ावा देने के लिए पीएबी ने सहमति दी है। यह बजट नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए होगा। समग्र शिक्षा के उप निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि 'एक कस्तूरबा एक खेल योजना' के तहत 145 कस्तूरबा विद्यालयों के लिए पांच लाख प्रति विद्यालय के हिसाब से बजट स्वीकृत किया जाएगा। इसे और कस्तूरबा विद्यालयों में भी आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कवायद कस्तूरबा की छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य व उनको राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ाने के लिए की जा रही है। ताकि छात्राएं पढ़ाई। के साथ-साथ हर क्षेत्र में अपना स्थान बना सकें।

### प्राथमिक विधायक में हुआ शारदा सगोष्ठी का आयोजन

**भगतपुर।** विकास खण्ड भगतपुर टांडा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फिरोजपुर मे शारदा सँगोष्ठी एवम वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे गोष्ठी में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य पति डॉ जमील अहमद व मनोज कुमार बॉस ने अपने अपने विचार रखे कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्जुन कुमार(ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भगतपुर टांडा मुरादाबाद) के द्वारा की गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान लल्लू सिंह, ।त्च श्री सुरेंद्र पाल सिंह, सतवीर सिंह, सुभाषचंद्र, संकुल शिक्षक राजीव सिंह, संकुल शिक्षक मुकेश कुमार, संकुल शिक्षक, अरविंद कुमार , स्पेशल एजुकेटर रूप सिंह, रमेश सिंह, पारुल जैन,धर्मवीर सिंह, छत्रपाल सिंह, सुधीर कुमार, विपिन कुमार, अमित कुमार, मो0असलम ,राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा पाँच मे अध्ययनरत बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।



### सिंचाई के लिए खेतों पर लगाए गए किसान के ट्यूबवेल के इंजन का आधा हिस्सा उड़ा ले गए चोर

**सुरजननगर।** किसान द्वारा खेतों की सिंचाई करने के लिए लगाए गए ट्यूबवेल के इंजन का आधा हिस्सा चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीडिघ्त किसान वीरेन्द्र तोमर व नरेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह अपने खेतों पर लगे इंजन को देखने के लिए गया था। जहां पर इंजन से जरूरी व किमती सामान को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। पीडिघ्त किसान द्वारा मौके पर डायल 112 को सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने अपने स्तर पर चोरी हुए सामान की काफी खोजबीन की लेकिन नहीं मिल पाया। पीडिघ्त किसान ने बताया कि गांव में जुआ, सट्टा, अवैध शराब, स्मैक का काम चरम पर है। ऐसा काम करने वाले कुछ लोग युवा पीढ़ी को अपराध की दुनिया में धकेलने का काम कर रहे है।पीडिघ्त ने बताया कि ऐसे ही लोग गांव में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। किसान की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# आईएफटीएम में दो दिवसीय 'पांचवां किसान मेला सुहावन' का हुआ आगाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की ओर से दो दिवसीय ''5वां किसान मेला सुहावन- 2025'' का बुधवार को आगाज हुआ। मुख्य अतिथि व डिप्टी डायरेक्टर कृषि, इंजीनियर संतोष कुमार द्विवेदी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी,एवं जुबिलेंट कृषि विकास समिति के संस्थापक डॉ. दीपक मेहंदीरता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण एवं फीता काटकर किसान मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलसi. चव प्रो. अग्रवाल ने किसान मेले के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसानों की सहायता के लिए हम सभी सदैव तत्पर हैं, साथ ही किसानों को फसल उत्पादन के साथ-साथ व्यावसायिक दृष्टिकोण भी अपनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह किसान मेला किसान और कृषि से जुड़े सभी विद्यार्थियों और आमजन के लिए भी बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। इसके उपरांत मेले में आए मुख्य अतिथि इंजीनियर संतोष द्विवेदी ने कहा कि किसान भाईयों को जैविक खेती पर सबसे ज्यादा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि आज के समय में बाजार में जैविक उत्पादों की काफी मांग है। साथ ही उन्होंनें किसानों को जीवामृत बनाने के बारे में भी विशेष जानकारी प्रदान की। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। किसान मेले में आए जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र मौर्य, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने किसानों के साथ अपने विचार साझा किए। मेले में लगे विभिन्न प्रकार के लगभग 40 स्टॉल्स में पौध नर्सरी, अचार, जैविक उत्पाद, शहद, फर्टिलाइजर, बीज, ट्रैक्टर और कार आदि के स्टाल्स शामिल थे। सभी स्टाल्स द्वारा मेले में उपस्थित विद्यार्थियों एवं किसानों को अपने-अपने उत्पादों के संचालन बारे में अति महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक डॉ. ए.एन. चौबे ने किया। अंत में वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. यशवीर सिंह एवं एग्रीकल्चर साइंसेज एंड एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने सभी के प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।



# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयं सेवक/सेविकाओं ने जल संरक्षण के लिए ग्रामीणो को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एन0एस0एस 0शि. विर के पांचवे दिन को जल संरक्षण के रूप में मनाया गया इस मौके पर समस्त स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने पेयजल की कमी से जूझ रहे लोगों की परेशानी को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया। क्षेत्र के गांव रतुपुरा स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतुपुरा, की एन एस एस की दोनों इकाइयों के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं द्वारा पेय जल का तेजी से किये जा रहे दोहन को लेकर चिंता व्यक्त की। जिसमें वक्ताओ ने कहा कि इस समय देश के कई प्रदेश पेय जल की कमी की चुनौतीयो से जूझ रहे हैं ,जल है तो कल ,आने वाले भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से जल की बर्बादी को बचाना चाहिए । जल सरक्षण हेतु ग्राम वासियों को जागरूक करने के उद्देश्य ग्राम नाहर वाला व ग्राम सरकडा परमपुर माफी स्वयं सेवक सेविकाओं ने घर- घर जाकर पेजल बचाने के लिए गांव वासीयों को जागरूक करने का प्रयास किया।इसके वाद स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने एक नुक्कड़ नाटक कर जल संरक्षण करने का संदेश दिया । कार्यक्रम में डा० राजपाल सिंह व डा० रघुनाथ सिंह, व काजल, पारुल, लक्ष्मी, सोनिया ,अंशिका, दीपक, मुकेश, हरषित, आदि उपस्थित रहे।

# कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर लटका मिला शिक्षकों को ताला, रोष

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ इकाई ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष वीर सिंह और मंत्री त्रिवेंद्र कुमार बीआरसी कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने कार्यालय का बाहर से ताला बंद पाया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने जहां अपने विभागीय कार्यालय में अधिकारियों को समय से बैठने और जाने तथा उनके अधीनस्थ समस्त कर्मचारियों का समय निर्धारित कर रखा है, वहीं ठाकुरद्वारा खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय 3.25 पर ही बंद हो जाता है। अध्यापक को अपने विद्यालय संबंधित कार्य तथा अनेक प्रकार की सूचनाएं देने के लिए विद्यालय की छुट्टी के बाद ही आने की अनुमति है। विद्यालय दूरदराज क्षेत्र में स्थापित हैं जिससे शिक्षकों को आने में काफी समय लग जाता है। अब ऐसी हालत में कैसे शिक्षकों के काम समय से होंगे, जब अधिकारी और उनके कार्यालय अधीनस्थ ही यह घोर लापरवाही करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों की यह मनमानी असहनीय है तथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इस रवैया के सख्त खिलाफ है। सरकार जहां स्कूलों में टाइम और मोशन के हिसाब से परिणाम चाहती है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**नं. 75-W/2/3/WA/Publication** **दिनांक : 03.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/॥/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 336-DRM-MB-24-25 Date 03.03.2025 |
| कार्य का नाम | AT Welding of R-260,60Kg/90UTS & 52kg/90UTS rails with Railway portion under DEN/II/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.03.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 69,79,816.37 |
| धरोहर राशि | 1,39,600.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.03.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

684/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन **16.00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 345-DRM-MB-24-25 Dt. 04.03.2025 |
| कार्य का नाम | Manufacturing, supplying & loading, leading, unloading & stacking of 80000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway specification including loading of ballast in to Rly. Wagons / hoppers at Pathri Sub Depot – A under Sr.DEN/C/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 27.03.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 9,56,90,400.00 |
| धरोहर राशि (रु.) | 6,28,500.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 13.03.2025 |

सं.: Sr. DEN-C/Publication/24-25 दिनांक: 04.03.2025 705/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डीएम की अध्यक्षता में गन्ना मूल्य भुगतान एवं बसंतकालीन गन्ना बुवाई, कृषकों को वितरित किए जा रहे गन्ना बीज की गई समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद-मुरादाबाद की चीनी मिलों के यूनिट हेड/ अध्यासियों एवं वित्त प्रमुख की बैठक आहूत करते हुए पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान, बसंतकालीन गन्ना बुवाई तथा बुवाई हेतु कृषको को वितरित किये जा रहे गन्ना बीज की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कम गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली चीनी मिलों को कार्ययोजना तैयार कर त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा चीनी मिलों को निर्देशित किया गया कि वह गन्ना विकास विभाग द्वारा गन्ना बुवाई हेतु आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत बुवाई कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि चीनी मिलों को आगामी पेराई सत्र में क्षमता के अनुरूप पेराई हेतु गन्ना प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी दशा में कृषकों को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर गन्ना बीज वित. रित न हो, जिसके निमित्त कृषकों को चीनी मिलों के माध्यम से गन्ना बीज क्रय किये जाने हेतु प्रेरित किया जाये। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा बताया गया कि पेराई सत्र 2024-25 में जनपद की चीनी मिलों द्वारा 14 दिवस पूर्व की गन्ना खरीद के देय गन्ना मूल्य अंकन रू 738.76 करोड़ के विरूद्ध चीनी मिलों द्वारा अंकन रू. 570.80 करोड़ का भुगतान कृषकों को कर दिया गया है, जो देय गन्ना मूल्य का 77.26 प्रतिशत है। वर्तमान में चीनी मिल बिलारी एवं बेलवाड़ा द्वारा पेराई सत्र का समापन कर दिया गया है तथा चीनी मिल बिलारी द्वारा 50.95 प्रतिशत, बेलवाड़ा द्वारा 74.79 प्रतिशत तथा चीनी मिल अगवानपुर द्वारा 73.68 प्रतिशत भुगतान कृषकों को किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान पेराई सत्र में चीनी उत्पादन में आयी कमी, चीनी परता तथा चीनी मिलों द्वारा उत्पादित किये जा रहे एथनॉल आदि विषयों पर चर्चा करते हुए दिये गये निर्देशों का अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में चीनी मिल अगवानपुर, बिलारी, बेलवाड़ा एवं रानी नांगल के अध्यासी/प्रतिनिधि तथा वित्त प्रमुख उपस्थित रहे।





**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अभिषेक गोस्वामी व पुत्रवधू श्रीमती रोशनी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **राजेन्द्र गोस्वामी पुत्र रामकुमार नाथ निवासी जोगियान गली कायरान किसरौल 55, गंगा मंदिर के पीछे, जिला मुरादाबाद।**



# स्टीव स्मिथ ने लिया एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने बुधवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

न्होंने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में बताया था। वह 2027 के एकदिवसीय विश्वकप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कलमस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने स्मिथ के बयान को जारी किया। स्मिथ ने अपने बयान में कहा कि वनडे में उनकी बेहतरीन यात्रा रही

**■ टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं: स्टीव स्मिथ**

है और मैंने खेल के हर एक क्षण भरपूर आनंद लिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादों में दो विश्वकप भी शामिल हैं। अब युवा खिलाड़ियों के लिए 2027 के विश्व. कप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है।

उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं। इसके बाद सर्दियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ और इंग्लैंड के साथ घरेलू सीरीजी है। टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए अभी मेरे अंदर बहुत क्रिकेट शेष है। स्मिथ ने 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ लेग स्पिन ऑलराउंडर के रूप में पदार्पण किया था और उन्होंने 170 एकदिवसीय मैचों में 43-28 की औसत से 5800 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने 34-67 की औसत से 28 विकेट भी लिए हैं।

स्मिथ ने 2015 में लगातार पांच बार 50 से अधिक स्कोर बनाया था, इसमें सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 105 रनों की पारी भी शामिल थी। फाइनल में स्मिथ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 56 रनों की पारी खेलते हुए विजयी शॉट भी लगाया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का सामना कीवीयों से

**■ कीवियों ने साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया, रचिन-विलियम्सन के शतक**

**■ लुंगी एनगिडी को तीन विकेट मिले और रबाड़ा ने भी दो विकेट चटकाए**

**लाहौर, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां कीवियों का सामना भारतीय टीम से दुबई के मैदान पर 9 मार्च को होगा। बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड ने दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 50 रन से हराया।

न्यूजीलैंड ने 363 रन का टारगेट चेज कर रही अफ्रीकी टीम 9 विकेट पर 312 रन ही बना सकी। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 3 विकेट झटके। मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को मिले। साउथ अफ्रीका से डेविड मिलर ने शतक बनाया। उन्होंने 67 बॉल पर सेंचुरी जड़ी। कप्तान टेम्बा बावुमा (56 रन) और रासी वान डर डसन (69 रन) ने अर्द्धशतक बनाए। कीवियों की ओर से रचिन रवींद्र (108 रन) और केन विलियम्सन (102 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं, जबकि डेरिल मिचेल (49 रन) और ग्लेन फिलिप्स (49 रन) फिफ्टी बनाने से चूक गए। लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। रबाडा को 2 विकेट मिले। वायन मुल्डर को एक विकेट मिला।

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र (108), केन विलियमसन (102) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 363 रनों का लक्ष्य दिया। यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। आठवें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने विल यंग (21) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने रचिन रविंद्र के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी हुई। रचिन ने 32वें ओवर की पहली गेंद पर दो रन लेकर अपना पांचवां एकदिवसीय शतक बनाया। 33वें ओवर में कगिसो रबाडा ने रचिन रविंद्र को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रचिन रविंद्र ने 101 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (108) रनों की पारी खेली।



रचिन रविंद्र
108



केन विलियमसन
102

● रचिन रवींद्र ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड ●

## आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके सबसे कम पारियों में किया कारनामा

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में शानदार शतक लगाया। रचिन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 108 रनों की पारी खेली। इस शतक के साथ ही उन्होंने एक ऐसा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जो कि रोहित-विराट जैसे दिग्गजों के बस की बात भी नहीं रही। दरअसल रचिन रवींद्र आईसीसी टूर्नामेंट में 5 शतक लगा चुके हैं और ये कारनामा उन्होंने सबसे कम पारियों में किया है। रचिन रवींद्र ने महज 13 पारियों में 5 शतक लगाए हैं। बड़ी बात ये है कि उनके वनडे करियर में भी पांच ही शतक हैं और ये सभी उन्होंने वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में लगाए हैं। वर्ल्ड कप 2023 में उन्होंने 3 शतक लगाए थे और अब चैंपियंस ट्रॉफी में इस बल्लेबाज ने 2 शतक ठोक दिए। 30 साल की उम्र से पहले सबसे ज्यादा आईसीसी वनडे शतक सिर्फ सचिन और रचिन ने ही बनाए हैं। दोनों ने 5-5 शतक लगाए थे।

# वरुण ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे

● आईसीसी वनडे रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया के गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी गेंदबाजों की ताजा वनडे रैंकिंग में देश दुनिया केएक, दो या 50 नहीं पूरे 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ा है, जो कि अपने आप में बड़ी बात है। वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है, मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं। वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है।

भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है। दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया। वरुण चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं। इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं। उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं। मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं। अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने



टॉप 100 में एंट्री ले ली है। वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पाइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं। साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं। आईसीसी वनडे गेंदबा. जों की लिस्ट में टॉप 10 में भारत से सिर्फ कुलदीप यादव हैं। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ताजा रैंकिंग में 3 स्थान गिरकर छठे नंबर पर आ गए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को चैंपियंस ट्रॉफी के प्रदर्शन का इनाम मिला है। वो आईसीसी की ताजा रैंकिंग में 3 स्थान की छलांग लगाकर 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। रवींद्र जडेजा 13वें नंबर पर बरकरार हैं। वहीं मोहम्मद सिराज 2 स्थान गिरकर 14वें नंबर पर आ गए हैं।

# मांडविया ने स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 49 सदस्यीय भारतीय दल को दी बधाई

**■ तीस एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर दी बधाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को इटली के ट्यूरिन शहर में आठ मार्च से शुरु होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में शामिल होने वाले 49 सदस्यीय भारतीय दल को शुभकामनाओं के साथ विदा किया। यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित भव्य विदाई समारोह में डा- मांडविया ने ट्यूरिन में होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे 30 एथलीट और 19 सहायक कर्मचारी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस समारोह में विशेष ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा और स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निद. ेशक डॉ वीके महेंद्रू उपस्थित थे। इस दौरान गणमान्य लोगों ने भारतीय एथलीटों को शुभकामनाएं दीं और वैश्विक मंच पर सफलता



हासिल कर देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार होने के लिए उनका हौसला-अफजाई की। इटली में आठ मार्च से 15 मार्च तक होने वाले विशेष ओलंपिक विंटर वर्ल्ड गेम्स में भारतीय दल के 30 खिलाड़ी छह खेल विधाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में भाग लेंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में इस बार 102 देशों के 1500 एथलीट आठ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। समारोह के अंत में एथलीटों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें सौभाग्य के प्रतीक के रूप में पारंपरिक हिमाचली ऊनी कपड़े भेंट की गयी।

**खेल विशेष**

## कुछ लोगों को हमेशा होती है शिकायत करने की आदत:गंभीर

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के एक ही पिच पर खेल कर अनुचित लाभ लेने को लेकर हो रही चर्चा के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ लोगों को हमेशा शिकायत करने की आदत होती है।

गंभीर ने पिच की परिस्थितयों के सवाल के जवाब में कहा कि यह हमारे लिए उतना ही सामान्य मैदान है, जितना किसी और टीम के लिए। हमने यहां नहीं खेला है। मुझे याद नहीं कि हम आखिरी बार यहां कब खेले थे। और सच कहूं तो हमने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। योजना यह थी कि अगर आप 15 खिलाड़ियों की टीम में दो मुख्य स्पिनर चुनते हैं, तो चाहे हम पाकिस्तान में या कहीं भी खेलते, हम दो मुख्य स्पिनर ही चुनते क्योंकि यह उपमहाद्वीप में होने वाला टूर्नामेंट था। उन्होंने कहा कि इसलिए ऐसा नहीं है कि हम स्पिनरों का जाल बिछाना चाहते थे। अगर आप देखें तो हमने पहले दो मैचों में केवल एक मुख्य स्पिनर को खिलाया। हमने इस मैच और पिछले मैच में दो मुख्य स्पिनर खिलाए। जहां तक 'अनुचित लाभ' की बात है इसके बारे में बहुत बहस हो रही है।

## रग्बी इंडिया ने किया रग्बी प्रीमियर लीग लोगो का अनावरण


**मुंबई, वार्ता।** भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ और जीएमआर स्पोर्ट्स ने पहले रग्बी प्रीमियर लीग के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। भारत में रग्बी के नए युग की शुरुआत हो गई है। फैंचाइजी-आधारित रग्बी 7एस लीग का शुभारंभ 2025 में होगा। इस लीग में छह शहर-आधारित टीमें भाग लेंगी। लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ और शीर्ष रग्बी खेलने वाले देशों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे। इस अवसर पर भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने लोगो के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि रग्बी 7एस अविश्वसनीय गति, शानदार कौशल और अद्भुत शक्ति का खेल है। रग्बी प्रीमियर लीग इसे भारत में एक नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी। यह लोगो लीग की ऊर्जा, गतिशीलता और उच्च- ऑक्टेन एक्शन को दर्शाता है। जीएमआर स्पोर्ट्स के अनुभव और सभी हितधारकों के समर्थन के साथ, हम भारतीय रग्बी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए तैयार हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के मुख्य विपणन अधिकारी सुजॉय गांगुली ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग के लोगो का अनावरण भारतीय रग्बी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

# कोहली की बैटिंग के बीच सो गई अनुष्का

**दुबई, वार्ता।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल विराट कोहली ने 84 रनों की पारी से मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं।

अब उनके सोने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। भारतीय टीम के इस अहम मैच में विराट को सपोर्ट करने के लिए उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी स्टेडियम में मौजूद थीं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह सोती हुई दिख रही हैं। दावा किया जा रहा है कि विराट की बैटिंग देखते-देखते उन्हें नींद आ गई थी। भारत की बैटिंग के दौरान 15वें ओवर के बाद ब्रेक के समय कैमरामैन ने अनुष्का शर्मा को सोते हुए दिखाया था। कोहली इस दौरान 28 गेंद में 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इस लिहाज से देखा जाए तो वह थोड़ी धीमी बैटिंग कर रहे थे। लेकिन हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि उन्हें विराट की बैटिंग की वजह से ही नींद आई थी। हालांकि, विराट की धीमी की पारी की बात करें तो इस तरह की बल्लेबाजी के पीछे भी एक बड़ी वजह थी। दरअसल, पावरप्ले में ही दो विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम थोड़ी दबाव में आ गई थी। तब भारत को मैच में पकड़ बनाने के लिए विकेट बचाने के साथ एक साझेदारी की जरूरत थी। अनुष्का का एक और वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें विराट जीत के बाद उनके सामने जश्न मनाते हुए दिख रहे हैं।

# टीम इंडिया ने अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया: गौतम गंभीर



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गई है। रोहित एंड कंपनी अभी तक इस टूर्नामेंट में अजेय है। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर को लगता है कि अभी तक उनकी टीम ने सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाया है। उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में भारत से सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिलेगा। भारत ने मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हरा दिया था। इस मैच में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली थी। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, श्अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।श उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में ऐसा कर पाएगी। उन्होंने कहा, श्अभी हमें एक मैच और खेलना है।

# रैंकिंग में भी चमके विराट, अय्यर को भी फायदा

**■ ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष-10 में चार भारतीयों का दबदबा है, गिल पहले स्थान पर**

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में तगड़ा फायदा हुआ है। वह दो स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं। वहीं, सेमीफाइनल मैच में कोहली के साथ 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले श्रेयस अय्यर ने भी छलांग लगाई है।

वह आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीयों का दबदबा है। पहले स्थान पर 791 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूद हैं। वह पिछले ह"ते बाबर आजम को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचे थे। चौथे स्थान पर विराट कोहली हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा को दो पायदानों का नुकसान हुआ है, लेकिन वह शीर्ष पांच में मौजूद हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर (195 रन) एक स्थान की छलांग लगाने में कामयाब हुए। विराट कोहली मौजूदा टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 72.33 के औसत और 83.14 के स्ट्राइक रेट से 217 रन बनाए हैं। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था। वहीं, अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जादरान को इंग्लैंड के खिलाफ 177 रनों की शानदार पारी खेलने का फायदा हुआ है।

वह 13 स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए। आलराउंडर्स की रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल को तगड़ा फायदा हुआ है। वह 17 स्थानों के फायदे के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष 10 में रवींद्र जडेजा के अलावा कोई मौजूद नहीं है। वह नौवें पायदान पर 213 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ बने हुए हैं। वहीं, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई दो स्थानों के फायदे के साथ शीर्ष आलराउंडर बन गए हैं। उन्हें दो स्थानों का लाभ हुआ है।



# चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** महिलाओ से चैंन व कुन्डल छीनने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान थाना सिविल लाईन्स पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से महिला से छीनी गई सोने की चौन, नकदी, दो तमन्चे, कारतूस व दो स्मार्ट फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है।बता दें कि तीन मार्च को वादी अमरनाथ पुत्र पूरण दास ग्राम मोर मुस्तकाम थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात बदमाशों द्वारा वादी की दुकान के अन्दर घुसकर वादी की पत्नी के गले से सोने की चौन खींच लेना तथा व वादी की पत्नी के द्वारा पकडने की कोशिश करने पर धक्का देकर चोट पहुँचाने के संबंध में थाना सिविल लाईन्स पर शिकायत दर्ज कराई थी इस मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने दो आरोपी तुषार उर्फ गोलू पुत्र सतपाल निवासी मथाना थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद और आशु यादव पुत्र कैलाश निवासी कादराबाद खुर्द थाना स्योहरा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया है।थाना सिविल लाईन्स पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महिला से छीनी गई सोने की चौन व 4880 रुपये की नगदी बरामद भी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियो ने पुलिस को बताया कि तुषार उर्फ गोलू घर पर खेती आदि करता है तथा आशु सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। हम लोग पहले अपनी मोटरसाईकिल से रेकी करके ऐसे लोगो को तलाश कर लेते है, जो सोने के आभूषण पहनकर कम भीड़ भाड़ वाली जगह पर हो फिर हम मौका पाकर ऐसी महिलाओ के चौन व कुन्डल आदि झपटकर अपनी मोटरसाईकिल से भाग जाते है तथा राह चलते लोगो को कम दामों में बेचकर पैसा कमाते है। पिछले साल नवम्बर महीने में हम दोनो इन्द्रप्रस्थ कालोनी हरथला से एक महिला के कान से सोने के कुन्डल छीन कर भाग गए थे तथा स्टेशन के पास किसी अन्जान व्यक्ति को 9000 रुपये में बेचकर कुछ पैसे खर्च कर लिए थे तथा कुछ पैसे जो बचे थे वो पैसे व दो दिन पहले मोरा मुस्तकम गाँव से एक दुकान वाली महिला की छीनी गई चौन पुलिस ने हमसे बरामद कर लिए है। इस काम में अच्छा मुनाफा होने के कारण हम लोग लालच में आ गए थे। कल हम दोनो ऐसे ही किसी काम की तलाश में निकले थे। पुलिस को सामने देखकर हम लोग घबरा गए और हमने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी । पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।




# नशेड़ियों ने डाली किसानों की फसलों पर पड़ी तिरछी नजर

**दर्जनों किसानों के खेतों से फसल काटकर किया हजारों पर हाथ साफ**

**कांठ( शाह टाइम्स )** नशे की लत को पूरा करने के लिए अब नशेड़ियों ने किसानो की फसलों पर निशाना साधा है मुख्तियारपुर नवादा गांव में दर्जनों किसानों के खेतों से फसल काटकर चोरों ने नशे की लत को पूरा करने का काम करते हुए किसानों को हजारों का नुकसान पहुंचाया है। बतादें कि मुख्तियारपुर नवादा के निकट आशापुर कॉलोनी में स्मेक का कारोबार सालों पुराना हो चुका है इस नशे की चपेट में आकर गांव के कुछ युवक मौत को गले लगा चुके हैं ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर कई बार इस नशे के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है तहसील दिवस आदि में भी शिकायत कर स्मेक के नशे पर रोक लगाए जाने की मांग की है मगर जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के चलते इस पर अभी तक रोक नहीं लग सकी है। अब तक नशेड़ी घरों में और घेरों में रखे हुए सामान को अपना निशाना बनाते रहे हैं ट्रैक्टर से बैटरी उतरना, ड्रोवार निकलना या अन्य कोई लोहे का सामान उठाकर ले जाना आम बात रही है लेकिन अब नशेड़ियों ने किसानों की फसलों की ओर नजरे तिरछी की है। मुख्तियारपुर नवादा में ओंकार सिंह के खेत से नशेड़ी कई गट्ठे सरसों काट कर ले गए और बराबर के खेत में सरसों छेतकर किसान को हजारों का नुकसान पहुंचा दिया, राजवीर सिंह के खेत से भी नशेड़ियों ने करीब 20 कुंतल गन्ना चोरी कर लिया जिसकी कीमत 10 हजार के करीब बताई जा रही है इसके अलावा भी कई किसानों द्वारा उनके खेतों से गन्ना काट कर ले जाने की जानकारी मिली है। नशेड़ियों द्वारा किसानों के खेतो की ओर रुख करने के कारण अब किसानों के खेतों में तैयार खड़ी फसल सुरक्षित नहीं रही है। गांव के लोगों ने स्मैक के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्यवाही करते हुए रोक लगाए जाने की मांग की है।

## एक नजर

### स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत क्षमता सम्चर्धन कार्यशाला का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर पंचायत उमरी कलां द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संबोधन जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान कर्मचारियों को कूड़े को अलग अलग कूड़े दान मे संग्रहित करने व संग्रहित



कूड़े को कूड़े गाड़ी मे अलग अलग दिए जाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। एमआरएफ सेंटर मे सूखे कूड़े के निस्तारण गतिविधियों ( रीयूस, रिसाकल, रिडयूज ) आदि के बारे मे विस्तार से समझाया गया। कार्यशाला में नगर पंचायत उमरी कलां अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत , जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जय कुमार ( लिपिक ), सफाई मित्र आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### सीएचसी में बन रहा क्रिटिकल केयर यूनिट

**चन्दौसी।** संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी परिसर में क्रिटिकल केयर यूनिट ( सीसीयू) के लिए भवन निर्माण तेजी से चल रहा है। बता दें कि भवन निर्माण के लिए बेसमेंट का कार्य अंतिम चरण पर पहुंच चुका है। इसके बाद पहली मंजिल के लिए काम शुरु कर दिया जायेगा। रामपुर की कार्यदायी संस्था लगातार कार्य में जुटी है। सीसीयू के निर्माण के बाद मरीजों को ट्रामा



सेंटर जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। मरीजों को मुरादाबाद व अलीगढ़ के चक्कर नहीं लगाने पडेंग्घे। सीसीयू के 50 बेड के पांच मंजिला भवन निर्माण के लिए बेसमेंट का भवन निर्माण के लिए बेसमेंट का कार्य अंतिम चरण पर पहुंच चुका है। जिले का गठन हुए करीब 14 साल हो चुके हैं लेकिन अभी तक गंभीर मरीजों के उपचार के लिए कोई बेहतर इंतजाम नहीं हैं और मरीजों को मुरादाबाद, अलीगढ़, मेरठ के लिए रेफर किया जाता है। अब इसी समस्या के समाधान को लेकर जिले में क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की स्वीकृति दी जिसके लिए चन्दौसी सीएचसी परिसर में एक हजार वर्ग मीटर जमीन चिह्नित की गई। 50 बेड की पांच मंजिला यूनिट के लिए करीब 18 करोड रु0 का बजट स्वीकृत हुआ। दिसंबर में रामपुर की कार्यदायी संस्था ने सीसीयू के निर्माण के लिए कार्य शुरु किया था। करीब डेढ़ साल का समय इसके निर्माण को पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को मिला है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

**चन्दौसी।** नगर पंचायत नरौली में वार्ड 1 में नाला निर्माण कराया जा रहा है। नाला गुणवत्तापूर्ण बनें इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष विट्टन मलिक द्वारा निरीक्षण किया गया।

बता दें कि बोर्ड की बैठक में नाला निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया था जिसमें वार्ड 1 में मुस्तकीम के घर से अहमद के घर नाला निर्माण कराया जायेगा। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष विट्टन मलिक द्वारा नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान राजेश, राजीव आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

# कमाल अख्तर ने अगवानपुर और खादर के लोगों के लिए विधानसभा में मांगा रामगंगा पर प्लाटूनपुल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** समा. जवादी पार्टी से क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा में अगवानपुर नगर पंचायत के लोगों की समस्या के समाधान के लिए रामगंगा नदी पर प्लाटून पुल की मांग की उन्होंने कहा कि प्लाटून पुल निर्माण से संबंधित सामान वहां पर पड़ा हुआ है यदि सरकार चाहे तो 50 लाख रुपए खर्च करके इस पुल का निर्माण कर सकती है।

उन्होंने बताया कि अगवानपुर की आबादी 40 हजार से ऊपर है जबकि इसके ठीक सामने रामगंगा पार के कई गांव के लोगों का आना-जाना इस मार्ग से होता है अगर वहां पर प्लाटून पुल का निर्माण होगा तो किसानों के लिए और व्यापारियों के लिए आमदनी के साधन भी सुगमता से उपलब्ध हो जाएंगे उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो कुंभ के दौरान बनाए गए प्लाटून पुलों में से किसी एक का सामान यहां लाकर भी इस पुल का निर्माण कर सकती है उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास यदि करना है तो इन छोटी-छोटी बातों पर भी ध्यान देना होगा।



## 'रोजे की छुपी शर्तें'

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** रमजानुल मुबारक महीने के रोजे हर मुसलमान मर्द औरत जो बालिग और आकिल हो उस पर फर्ज हैं लेकिन रमजान माह से अलग भी नफ्ल और मिन्नत के रोजे रखना बाइसे सवाब और खघ्ैरो बरकत हैं। रोजे का असली मकसद तक्घ्वा यानी परहेजगारी हासिल करना है जो अल्लाह की फर्माबर्दारी से ही मिलती है। रोजा भूख और प्यास के जरिए गरीबों और मुफ्लिसों की मदद का जज्बा भी पैदा करता है। रोजा बातिनी यानी छुपी इबादत है क्यूंके जब तक रोजेदार दूसरे से रोजे का इजहार न करे उसे रोजे का पता नहीं चलता और छुपकर इबादत करना जाहिरी इबादत से सैकड़ों गुना अफजल है। जब रोजा छुपी इबादत है तो फिर इसकी छुपी शर्तों का जानना भी बहुत जरूरी है।वैसे हदीस शरीफ में रोजेघ्दार के मुंह की बू खघ्ुदा को मुश्क से भी ज्यादा पसंद होने, अफ्तार के वकघ्त मांगी दुआ रद्द न होने और बरोजे हश्र दोजखघ् से बचाव के लिए ढाल बन जाने का जिक्र मौजूद है। रोजे की



शर्तों के बारे में बरेली मर्कज से जुड़े मुहम्मद उस्मान श्अजहरीश बताते हैं कि रोजे के लफ्जी मानी रूकना है। वैसे रोजे की जाहिरी शर्त तो यही है कि दौराने रोजा रोजेदार जानबूझ कर खाने पीने और जिमाअ ( सैक्स) से रूका रहे मगर रोजे के जो बातिनी आदाब या छुपी शर्तें हैं उन्हें पूरा करने जिस्म के तमाम हिस्सों को बुराईयों से श्रोकनाश और खुद को बुराईयों से श्रोक करश सिर्फ अल्लाह की तरफ करना जरूरी है।वो कहते हैं कि जब रोजे में हम उन हलाल चीजों को खाना पीना और करना छोड़ देते हैं जो रोजे से बाहर जायज थीं ऐसे में वो तमाम काम जो रोजों से अलग नाजायज या गुनाह का वाइस थे तो रोजे के दौरान कैसे जायज हो सकते हैं।इसलिए रोजेदार को हर तरह के गलत काम से बचना जरूरी है। मुहम्मद उस्मान अजहरी कहते हैं कि रोजेदार रोजे में अपनी आंखों को बद निगाही, फिल्म, ड्रामे, ना महरम मर्द औरतों, रीछ बन्दर का नाच, खेलकूद को देखने से रोककर अच्छे कामों की तरफ करें। कानों को ढोल, बाजे, संगीत, उल्टे सीधे किस्से लतीफे, गीबत, चुगली सुनने से रोकर, तिलावते कुरआन, नाअत शरीफ, अजान, किरआत और अच्छी बातें सुनने में लगायें। जुबान को झूठ, फिजूल बकबक बेहयाई, गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़े, गीबत, चुगली करने से रोककर दीन की बातों और अच्छी बातों के करने में इस्तेमाल करें। हाथों को रिश्वत लेने देने, जुल्म ज्यादती करने, चोरी करने, ताश लूडो खेलने, पतंग उड़ाने जैसे कामों के बजाय किसी बेसहारे की मदद, यतीम के सर पर शफकत का हाथ फेरने, कुरआन छूने, जकात व सदका देने जैसे कामों में लगायें। पैरों को हर्गिज बुरी जगहों, सिनेमाघर, जुआ घर, शराब घर, बुरे लोगों की मजलिस की तरफ उठाने के बजाय मस्जिद, मजाराते औलिया, अच्छे मकामात, अच्छी महफिलों और नादार लोगों की मदद की तरफ जाने के लिए उठायें। इस तरह हकघीकघी मायनों में रोजे की बरकतें और नतीजा जो खुद खुदा है वो हमें तभी मिलेगा जब हम रोजे के बातिनी आदाब ( छुपी शर्तों ) को भी पूरा करेंगे वर्ना बहुत से रोजेदार ऐसे हैं कि उन्हें भूख और प्यास के सिवा कुछ हासिल नहीं होगा।इसलिए रोजे की नूरानियत हासिल करने रोजेदारों को अपने पूरे जिस्म, दिल, दिमाग को बुराईयों से पाक करने की कोशिश करनी जरूरी है।

## रस्सी जल गई पर ऐंठ नहीं गई

**चन्दौसी।** कहावत है कि रस्सी जल गयी पर ऐंठन नहीं गयी। ऐसा ही संभल जनपद में चल रनहा है। हम तो डूबेंगे सनम तुमको लेके डूबेंगे। एक सत्रू है जिसको कुछ ज्ञानविद् का दम्भ भरने वाले कानूनी सलाहकारों जो लम्बे समय नारद मुनि बनकर संवाद और उसकी शंका समाधान भी समझा रहे हैं कि तुम प्रयोग करके देखो तो आप विकास करते-करते विकास दुबे बन जाओगे। मामला बड़ा जटिल है सिर अब ओखली में दे दिया तो डर काहे का पर अब सगरना परेशान है। आखिर अपना घर शीशे का है परंतु हमने तो औरों के घरों पर पत्थर चलाये। लोग विचलित हुए। कहावत है कि जो पत्थर जहां से फेंके थे वहीं वापिस आने लगे हैं। अब अपने घर में लगे शीशे के दरवाजे टूटने लगे हैं। कहा जाता है कि नारदजी अह्म ज्ञानी थे, सभी देवताओं के पास बैठकर सूचनाओं का आदान प्रदान करते, सर्वप्रिय होने के कारण सभी देवता उनका आदर करते तो भगवान ने लीला रची। नारद जी को घमंड हो गया कि सब मुझसे डरते हैं, अब मैं कुछ भी करुं।

अब उनके अंदर काम जाग गया। कामदेव की भावना से स्त्री सुख जागा। उन्हें पता था कि मुख्य न्यायाधीश भगवान से लेकर देवताओं में उनकी खासी पकड़ है। चलो क्षीर सागर में भगवान विष्णु के पास जलकर बात करते हैं। आखिर नारद जी का मोह आ गया और भगवान विष्णु के पास पहुंचकर एक अच्छा स्वरुप मांगा पर भगवान जो ज्ञान देते वाले थे उन्होंने प्रिय नारदजी को बंदर का लाल चेहरा दे दिया जिससे जहां भी बंदर जैसा लेकर जाये वहीं लोग अब संवाद करने वाले नारदजी का उपहास बनाने लगे। तब नारद जी को पता चला किर उनके साथ खेला हो गया है। अब काम टनाटन नहीं दनादन हो गया। चेहरा छिपाकर घूमने लगे। आखिर गलती का अहसास हुआ कि मैं स्वयं पापी पाखंड़ी झूठ बोलता हूं। न ही शिक्षित हूं और न ही व्यवहारिक। वहीं ज्ञान देने वाले जिलानामा से शहरनामा वाले अब फजीहतनामा झेल रहे हैं। आखिर जनता ने कृष्ण चौतन्य चेहरे वालों को पहिचान लिया है।

वहीं कहावत चल रही है कि रस्सी जल गई परंतु ऐंठ अभी बाकी है। पीडिघ्त कह रहे हैं कि न्याय अभी बाकी है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में हुई पीस कमेटी की बैठक

**चन्दौसी।** बुधवार को क्लेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों एवं कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमें थाना क्षेत्र से आये प्रमुख सभी धर्मों के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता की गई तथा आगामी त्यौहारों (होली व रमजान) को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाये जाने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने के सम्बन्ध में बताया गया तथा साथ ही किसी घटना के होने की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दिये जाने एवं पुलिस/प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी सम्भल, अपर जिलाधिकारी संभल सम्बन्धित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बोधगया महाविहार को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**चन्दौसी।** शाक्य, मौर्य, कुशवाहा, सैनी कल्याण समिति, सिद्धार्थ बुद्ध बिहार प्रबंध समिति चन्दौसी व अंबेडकर सेवा दल द्वारा बुधवार को उपजिलाधिकारी चन्दौसी को महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया जिसमें कहा गया कि पिछले 12 फरवरी से बोधगया टेंपल के पास देशभर के विभिन्न बौद्ध संगठनों के द्वारा बोधगया महाविहार पूर्णत: बौद्धों के हवाले करने के लिए आंदोलन पर है। महाबोधि महाविहार टेंपल एक्ट 1949 में 05 सदस्य गैर बौद्ध रखना यह बौद्ध धर्म का खुले तौर पर अपमान है। बोधगया यह केवल बिहार या भारत का ही नहीं अपितु विश्व का गौरव है। बोधगया विश्व धरोहर है। ज्ञापन में मांग की गयी कि पवित्र बौद्ध स्थल भारत के बौद्धों के हवाले करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वाले मुन्नालाल शाक्य, राज. कुमार सिंह, ओंमकार सिंह एड., सतीश प्रेमी, पुष्पा बौद्ध, ओमवीर सिंह एड., नरेश भारती, संगीता यादव, नरेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार कुमार, अरविंद अंबेडकर, द्वारिका प्रसाद, मुकेश कुमार गौतम, राजा राम, ज्ञानप्रकाश वाल्मीकि, सूर्यजीत सिंह, सुरेश मौर्य, मदन मौर्य, गजेन्द्र, नरोत्तम सिंह मौर्य, जानकी प्रसाद मौर्य, कोकाराम यादव, मदन मौर्य, पूरनलाल मौर्य, ज्ञानेन्द्र यादव, नेत्रराम सिंह मौर्य, गजेन्द्र आदि मौजूद रहे।



# मुकद्दस माहे रमजान में तरावीह की नमाज में उमड़े नमाजी

## जन्नत के दरवाजे रैयान से सिर्फ रोजेदार ही गुजरेंगे: कारी शकील

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** मुकद्दस माहे रमजान महीना शुरू होते ही नमाजियों की संख्या बढ़ती हुई नजर आ रही है, नगर की सभी मस्जिदों में पांचों वक्त की नमाज में अधिक नमाजी देखे जा रहे हैं और तरावीह की नमाज में भी नमाजियों की संख्या अधिक चल रही है, नमाजी माहे रमजान की बरकतों को लूटने में बढ़ चढ़कर का हिस्सा ले रहे हैं। मुकद्दस माहे रमजान में बाद नमाजे इसा तरावीह की नमाज अदा की जाती है। जिसमें नगर की सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज में सभी नमाजी कुरान शरीफ की तिलावत सुन रहे हैं। रहमानी मस्जिद के इमाम कारी शकील अहमद ने बताया कि मुकघ्द्दस माहे रमजान में तीन असरों में पहले असरा (10 दिन) रहमत का, दूसरा असरा मगफिरत का और तीसरा असरा दोजख से निजात का होता है। उन्होंने बताया कि माहे रमजान में मुसलमान विशेष इबादत करते हैं क्योंकि माहे रमजान की इबादत में ज्यादा सबाब मिलता है और रोजेदार के ताल्लुक से बताया कि जन्नत के आठ दरवाजे होते हैं। जिसमें एक दरवाजे का नाम रैय्यान है और इस दरवाजे से सिर्फ रोजेदार ही गुजरेंगे। नगर की मस्जिदों में जामा मस्जिद, रजा मस्जिद, मियां साहब वाली मस्जिद, फुलवार वाली मस्जिद, रहमानी मस्जिद, हुस्नू मियां मस्जिद, साबरी मस्जिद, वारसी मस्जिद, अशरफी मस्जिद, मदीना मस्जिद, अरकाने मरकज मस्जिद, बेनजीर मस्जिद, नूरुल नबी मस्जिद, दो मंजिला मस्जिद, सैफी मस्जिद, इस्लामिया मस्जिद, हुसैनी मस्जिद, डाक बंगला मस्जिद, एमआई मस्जिद, आम वाली मस्जिद, छंगेशाह मस्जिद, टाल के पीछे मस्जिद आदि मस्जिदों में तराबीह की नमाज अदा की जा रही है।



## मानव वन्यजीव संघर्ष कार्यशाला का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** वन विभाग संभल द्वारा बुधवार को 'मानव वन्यजीव संघर्ष कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय वनाधिकारी चन्दौसी रेंज प्रभात कुमार शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु विभिन्न तकनीकी उपकरणों की जानकारी सचिन मिश्रा द्वारा दी गयी। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्राम प्रधानों को भी आमंत्रित किया गया जिनका क्षेत्रीय वनाधिकारी चन्दौसी द्वारा वृक्षों के संरक्षण के लाभ एवं मानव वन्यजीवों के संघर्ष के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी चन्दौसी, संगीता भार्गव, अर्चना अग्रवाल, फारुक अहमद, नीरज कुमार, विकास नेगी आदि मौजूद रहे।



# आईएफटीएम में हुआ 'पराक्रम- अंतर विद्यालय टेक्नो-मैनेजमेंट सांस्कृतिक उत्सव' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स डेवलेपमेंट सेल की ओर से दो दिवसीय ''पराक्रम- अंतर विद्यालय टेक्नो-मैनेजमेंट सांस्कृतिक उत्सव'' का बुधवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विश्व. विद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण एवं फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रो. अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें विद्यार्थियों को मार्केट की डिमांड के अनुरूप तैयार करना होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. वैभव त्रिवेदी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक प्रो. आर.के. यादव एवं विभिन्न स्कूलों के निदेशकों ने विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों को काफी सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षा एवं स्कूल की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट कर सभी का स्वागत किया।

उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में आयोजित हो रही 14 प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 125 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर कर प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम 'पराक्रम' में नुक्कड़ नाटक, सोलो सिंगिंग, हेयर स्टाइलिंग, सोलो डांसिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, शॉर्ट फिल्म, आर्टिस्ट्री दैट शाइन ऑन एवरी फेस, नेल आर्ट, लोगो डिजाइनिंग, एडवरटाइजिंग कैंपेन, सुडोकू/ स्पेलिंग बी, स्टोरी टेलिंग, बेस्ट ऑफ वेस्ट, टी शर्ट डेकोरेशन आदि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों डॉ निधि चौधरी, मिस ज्योति, डॉ. अर्चना, अक्षय शर्मा आदि की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान के विभाग के शिक्षक प्रो. मेघा भाटिया, प्रो. हिमांशु गुप्ता, डॉ आशीष कुमार सक्सेना समेत विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार , 6 मार्च 2025

## टैरिफ से फायदा या नुकयान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आने वाले प्रोडक्ट पर हाई टैरिफ लगाने की घोषणा ने दुनिया भर के बाजारों में हलचल मचा दी है। इससे भारत को नुकसान होगा या फायदा हो सकता है, इसके लिए भारत को हर हाल में तैयार रहना होगा। क्या यह फैसला भारत के लिए गोल्डन चांस भी साबित हो सकता है, अगर इस पर नजर दौड़ाई जाए, तो अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा से आयात पर उच्च टैरिफ (शुल्क) लगाने से भारतीय निर्यातकों को नए अवसर मिलने की संभावना है। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी जब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने चीन पर टैरिफ बढ़ाया था, तब भारत उन चार शीर्ष देशों में शामिल था, जिन्हें इसका सीधा फायदा हुआ था। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो यह अमेरिका के साथ बेहतर व्यापार समझौता यानी ट्रेड डील हासिल कर सकता है और यूएस मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत बना सकता है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध भारत के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। इससे न सिर्फ भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करने के लिए आकर्षित हो सकती हैं। इसके अलावा, चीन पर लगाए गए उच्च टैरिफ से भारत को अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को और मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। अमेरिकी बाजार में चीन, मैक्सिको और कनाडा के प्रोडक्ट महंगे होने से भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए नए मौके बन सकते हैं। ट्रंप प्रशासन ने मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत और चीन से आयात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे इन देशों से अमेरिका को होने वाला निर्यात महंगा हो जाएगा, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता घटेगी। इसका सीधा फायदा भारत को मिल सकता है, क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट्स इसकी तुलना में सस्ते होंगे और अमेरिकी बाजार में अपनी जगह मजबूत कर सकते हैं। खासतौर पर इन सेक्टर्स को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। ट्रंप ने 2 अप्रैल से भारत और चीन के लिए रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कही है, लेकिन अगर भारत एक फेवरएबल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल कर लेता है, तो यह अमे. रिका में अपने व्यापार का दायरा बढ़ा सकता है। यदि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता होता है, तो अमेरिकी कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगा सकती हैं। इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। चीन, मैक्सिको और कनाडा के महंगे सामान के मुकाबले भारतीय प्रोडक्ट कम कीमत और अच्छी क्वालिटी के कारण ज्यादा बिक सकते हैं। लेकिन घरेलू भारत को अपने घरेलू उद्योगों और किसानों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। अमेरिका द्वारा चीन, मैक्सिको और कनाडा पर उच्च टैरिफ लगाने से भारत के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। यदि भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हासिल करता है और अपने एक्सपोर्ट सेक्टर को मजबूत करता है, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। हालांकि, भारत को सही रणनीति अपनाने और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

### भ्रम फैलाने का काम करती है भाजपा



**उत्तर** प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात न करके नाम बदलने और भ्रम फैलाने का काम कर रही है, योगी सरकार नाम बदलने में माहिर है , सदन में यह मेरे नाम की बजाय चच्चा चच्चा की माला जपते रहतें है, इनका काम ही नाम बदलना है, इन्हे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बात नहीं करनी है,अंसल समूह पर कानूनी कार्रवाई कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि सरकार जानबूझ कर इसे मुद्दा बना रही है, सम्भल की तरह हाथरस में भी रिपोर्ट भाजपा सरकार के लिए काला धब्बा साबित होगी।

**शिवपाल सिंह**
**महासचिव, समाजवादी पार्टी**

# त्रिभाषा नीति के पालन में आने वाली चुनौतियां




प्रियंका सौरभ

> भारत में भाषा शिक्षा को लेकर चर्चा अभी भी जारी है, तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति के प्रति कड़ा विरोध भाषाई पहचान और केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण चिंताओं को उजागर करता है, वास्तविक शैक्षिक सुधार के लिए भाषा शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाना आवश्यक है न कि केवल नीतिगत ढांचों पर ध्यान केंद्रित करना, केंद्र और राज्य के बीच सकारात्मक बातचीत और व्यावहारिक समझौता ही आगे का सबसे अच्छा रास्ता है, आपातकाल के दौरान शिक्षा को समवर्ती सूची में डाल दिया गया, जिसका अर्थ है कि यह एक संयुक्त जिम्मेदारी है

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाने और भाषाई विविधता की सुरक्षा के उद्देश्य से त्रि-भाषा ढांचा प्रस्तुत करती है। आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त 22 आधिकारिक भाषाओं और बोलियों की समृद्ध विविधता के साथ, क्षेत्रीय आवश्यकताओं और राष्ट्रीय एकता के बीच संतुलन हासिल करना काफ़ी चुनौतीपूर्ण है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों की चिंताएँ कथित भाषाई प्रभुत्व से सम्बंधित मुद्दों और इस नीति को कार्यान्वित करने में व्यावहारिक कठिनाइयों पर ज़ोर देती हैं। त्रि-भाषा नीति का लक्ष्य बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और भारत का भाषाई परिकृश्य समृद्ध होगा। उदाहरण के लिए, उत्तर भारतीय स्कूलों में तमिल पढ़ाने से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिल सकता है और क्षेत्रीय अंतर को पाटने में मदद मिल सकती है। बहुभाषिकता को अपनाने से न केवल संज्ञानात्मक क्षमताएं, समस्या समाधान कौशल और रचनात्मकता बढ़ती है, बल्कि समग्र शैक्षणिक सफलता भी बढ़ती है।

अनेक भाषाओं, विशेषकर क्षेत्रीय भाषाओं में दक्षता से सरकारी नौकरियों, अनुवाद और पर्यटन में विभिन्न कैरियर के रास्ते खुलते हैं। इसके अलावा, कूटनीति और बहुराष्ट्रीय निगमों में पदों के लिए बहुभाषी कौशल अक्सर आवश्यक होते हैं। नीति में यह अनिवार्य किया गया है कि सीखी जाने वाली कम से कम दो भाषाएं भारत की मूल भाषाएं हों, जिससे देश की भाषाई विरासत और साहित्य का संरक्षण हो सके। भारत की शास्त्रीय और क्षेत्रीय भाषाई परंपराओं को बनाए रखने के लिए संस्कृत, बंगाली, तेलुगु और मराठी जैसी भाषाओं का प्रचार-प्रसार अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। हालांकि, तमिलनाडु, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस नीति को हिन्दी को धीरे-धीरे थोपने की नीति के रूप में देखते हैं। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्रीकृत भाषा सीखने की नीति लागू करना संघीय सिद्धांतों के लिए चुनौतियां उत्पन्न करता है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी 2020 की तीन-भाषा आवश्यकता का पालन नहीं करने का विकल्प चुना है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्त पोषण में देरी हो रही है।






इसके अतिरिक्त, कई राज्यों को इन अतिरिक्त भाषाओं के लिए योग्य शिक्षकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे सरकारी स्कूलों में कार्यान्वयन जटिल हो रहा है। उदाहरण के लिए, ओडिशा और केरल के स्कूलों को सीमित उपलब्धता के कारण हिन्दी शिक्षकों को ढूंढने में संघर्ष करना पड़ रहा है। अतिरिक्त भाषा पाठड क्रम शुरू करने से भी छात्रों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे गणित जैसे आवश्यक विषयों में उनकी दक्षता प्रभावित हो सकती है। क्षेत्रीय दलों का प्रतिरोध भाषा नीतियों को अपनाने में महत्त्वपूर्ण चुनौतियाँ उत्पन्न करता है। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में राजनीतिक समूह अक्सर इन नीतियों को अपने स्थानीय शासन में घुसपैठ के रूप में देखते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विरोध होता है। कई ग्रामीण छात्रों को दूसरी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे तीसरी भाषा सीखने की प्रक्रिया जटिल हो जाती है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण बिहार में 40 प्रतिशत छात्रों को अंग्रेज़ी भाषा सीखने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी अन्य भाषाएँ सीखने की क्षमता में बाधा आती है। राज्य हिन्दी की अपेक्षा अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हैं, जिससे केंद्रीय नीतियों के साथ उनका सम्बंध टूट जाता है। पश्चिम बंगाल में बंगाली-अंग्रेजी शिक्षा पर अधिक ज़ोर दिया जाता है तथा अनिवार्य हिन्दी शिक्षा को अस्वीकार कर दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में, विशेषकर आर्थिक रूप से वंचित राज्यों में, अक्सर भाषा शिक्षकों, संसाधनों और डिजिटल भाषा प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक धन की कमी होती है। पूर्वोत्तर भारत में तीसरी भाषा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की कमी से प्रभावी नीति कार्यान्वयन में बाधा आती है। राज्यों के लिए एक मानकीकृत त्रि-भाषा नीति का पालन करने की बजाय अपनी क्षेत्रीय भाषा चुनने की स्वतंत्रता होना अधिक लाभदायक होगा। उदाहरण के लिए, कर्नाटक सरकार हिन्दी लागू करने के बजाय कन्नड़, अंग्रेज़ी और विद्यार्थी की पसंद की भाषा पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, ई-लर्निंग संसाधनों का विकास करना, तथा भाषा अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना स्थिति में काफ़ी सुधार ला सकता है।

आंध्र प्रदेश में डिजिटल भाषा प्रयोगशालाएं पहले से ही प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्थानीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देने में प्रगति कर रही हैं। छात्रवृत्ति, कैरियर प्रोत्साहन और व्यावहारिक भाषा प्रशिक्षण की पेशकश से छात्रों को स्वेच्छा से अतिरिक्त भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यूजीसी संस्कृत, पाली और फारसी में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिससे भाषाई विविधता को बनाए रखने में मदद मिलती है। केंद्र सरकार को भाषा नीति पर चर्चा में राज्यों को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। संयुक्त शिक्षा समिति की स्थापना से राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक आवाज़ मिल सकेगी। मूल समस्या, शिक्षा में भाषा मानक और शिक्षण गुणवत्ता में गिरावट। कोचिंग सेंटरों ने विज्ञान और गणित में बढ़त ले ली है, तथा भाषा शिक्षा को पीछे छोड़ दिया है। यद्यपि कई सरकारी स्कूलों में अंग्रेज़ी एक अनिवार्य विषय बन गया है, फिर भी प्रवीणता का स्तर निराशा. जनक रूप से निम्न बना हुआ है।

शिक्षकों का सीमित अंग्रेज़ी कौशल सीधे तौर पर छात्रों की पढ़ाई पर प्रभाव डालता है, जैसा कि आंध्र प्रदेश में अंग्रेज़ी माध्यम की शिक्षा की ओर बदलाव से स्पष्ट है। हिन्दी के लिए भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं है, इस भाषा में शिक्षण स्तर का भी उतना ही अभाव है। हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को अक्सर सक्रिय शिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण के बजाय मात्र सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, पढ़ने की आदतों में गिरावट भाषा शिक्षा के क्षेत्र में अधिक महत्त्वपूर्ण चुनौतियों की ओर इशारा करती है। स्कूलों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया जा रहा है, जिससे अंततः दीर्घकालिक भाषा कौशल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत की विविधता में एकता बनाए रखने के लिए एक समेकित भाषाई ढांचा तैयार करना आवश्यक है। भाषा के चयन में लचीलापन प्रदान करना, शिक्षक प्रशिक्षण को बढ़ाना, तथा क्षेत्रीय भाषा शिक्षा को बढ़ावा देना कार्यान्वयन सम्बंधी बाधाओं को दूर करने में सहायक हो सकता है। अनुवाद और डिजिटल शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग भाषाई विभाजन को प्रभावी ढंग से पाट सकता है।

# रोजाना सुबह 2 भीगे हुए अंजीर खाने से सेहत को मिलते हैं जबरदस्त फायदे

अंजीर को अंग्रेजी में फिग कहते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर फल है। इसके सेवन से हमारे शरीर में कई फायदे होते हैं। अंजीर में कई मुख्य पोषक तत्व होते हैं। इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, अंजीर में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा, आयरन, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन एल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो शरीर को हेल्दी रखता है। भिगोकर अंजीर के सेवन करने से बॉडी को मिलते ये फायदे।

### डायबिटीज नियंत्रित रखना

अंजीर का सेवन करने से डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी मदद मिलती है। रात के समय 3-4 अंजीर भिगोकर रख दें, इसके बाद रोजाना सुबह इसके सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है।

### हीमोग्लोबिन बढ़ता है

अंजीर एक अमृत फल है इसमें कई सारे पोषक तत्व पाएं जाते है। अंजीर में आयरन, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, तांबा और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व होते हैं। रोजाना खाली पेट भीगे हुए अंजीर खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। अंजीर को आप दूध के साथ भी खा सकते हैं।

### कैंसर से लड़ता है

अंजीर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स होता है जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। प्रतिदिन सुबह भीगे हुए अंजीर के सेवन से खतरनाक बीमारियों से बचा जा सकता है।



### हड्डियां मजबूत होती हैं

अंजीर में कैल्शियम, पौटेशियम और मैग्नीशियम होता है जो हड्डियों को मजबूत करता है और सूजन को भी कम करता है। भीगे हुए अंजीर खाने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी।

### पाचन तंत्र बेहतर होता है

अगर आप रोजाना भीगे हुए अंजीर का सेवन करते हैं तो पाचन संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। इसका सेवन करने से आंतों को पोषण मिलता है। क्योंकि इसमें घुलनशील फाइहर से भरपूर अंजीर पेट को साफ करता है और बॉडी को हेल्दी रखता है। आंतों की सेहत को दुरुस्त करने में अंजीर बेहद फायदेमंद होता है। कब्ज से राहत पाने के लिए खाली पेट 2 से 3 सूखे अंजीर का सेवन करें।

> अंजीर के सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं, अंजीर स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए जाना जाता है इस लेख में हम आपको बजाएंगे अंजीर खाने के फायदे क्या होते हैं, इसे आहार में शामिल करना काफी जरूरी है

***डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

## रेस्पिरेस्टरी इश्यूज में लाभकारी माना जाता है तुलसी का सेवन

वैसे तो हम सभी के घर में तुलसी का पौधा होता है। वहीं तुलसी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है और हर कोई इसको इस्तेमाल करता है। वैसे तो लोग हर मौसम में तुलसी का सेवन करते हैं, लेकिन ठंड के मौसम में इसका इस्तेमाल विशेष रूप से किया जाता है। क्योंकि ठंड के मौसम में जिद्दी खांसी से लेकर कंजेशन जैसी कई तरह की सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रेस्पिरेटरी हेल्थ इश्यूज को दूर करने में तुलसी बहुत कारगर मानी जाती है।

संक्रमण से लड़ने से लेकर बलगम को साफ करने तक में तुलसी कई तरह से लाभकारी मानी गई है। तुलसी में एंटी-ऑक्सिडेंट, एसेंशियल ऑयल और कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं। जो रेस्पिरेटरी सिस्टम को बेहतर रखते हैं। ऐसे में आप तुलसी को अपनी डाइट में कई तरीके से शामिल कर सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिल सकता है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रेस्पिरेटरी इश्यूज को दूर करने में तुलसी किस तरह से फायदेमंद हो सकती है।

# वन्यजीव संरक्षण: परिस्थितिकीय तंत्र का बनाए रखना जरूरी



योगेश कुमार गोयल

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।

वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती



### विलुप्ति की ओर बढ़ते वन्यजीव

पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और ग्रह में निवेश' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंत. ुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरुद्ध कारवाई करना शामिल हैं।

समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है।

ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2024' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि 1970 से 2020 के बीच वन्यजीव आबादी में 73 प्रतिशत की विनाशकारी गिरावट दर्ज की गई, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। ताजे पानी के पारिस्थितिक तंत्र में यह गिरावट 85 प्रतिशत रही है। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया।

> लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं

# केमिकल रंगों से रहें दूर, होली के लिए फूलों से बनाएं 5 हर्बल रंग

### कलर के साथ चेहरा भी खिलेगा



होली हर्षोल्लास, रंग और जश्न का फेस्टिवल है। इस त्योहार के दौरान मौज-मस्ती और स्वादिष्ट व्यंजन खाते हैं। होली के दिन एक-दूसरे को प्यार से रंग लगाकर सारे गिले-शिकवे भुलाकर इस पर्व को जश्न मनाते हैं। अगर आप भी इस बार सुरक्षित और केमिकल फ्री वाली होली मनाना चाहते हैं, तो आप मार्केट में मिलने वाले नकली और केमिकल रंगों की जगह घर पर ही फूलों से प्राकृतिक रंग बना सकते हैं। ऑर्गेनिक गुलाल बनाना बेहद ही आसान है।

### होली पर फलों से बनाएं गुलाल...

**1 पीला रंग:-** आपके घर में या फिर नर्सरी में फूलों का बहार जरुर होगी। आपके घर में गेंदे के फूलों का इस्तेमाल करके पीला रंग बना सकते हैं। पीला रंग बनाने के लिए पानी में थोड़ी सी हल्दी डालकर गेंदे के फूल को उबा लें। होली खेलने के लिए आपका पीला रंग तैयार है।

**2 नीला रंग:-** नीला रंग बनाने के लिए आप अपराजिता के फूलों का यूज कर सकते हैं। इसके लिए अपराजिता के फूल को 3 से 4 दिन पहले धूप में सुखा लें और इसका पाउडर बना लें। इस पाउडर को पानी में घोलकर होली के लिए नीला रंग बना सकते हैं।

**3 गुलाबी रंग का गुलाल:-** गुलाबी रंग बनाने के लिए आपको गुलाब के फूलों को पानी में उबालकर उनसे गुलाबी रंग तैयार कर लें। इस रंग को बनाने के लिए उसमें अरारोट मिलाएं। जब यह सूख जाएगा, तो गुलाबी रंग का गुलाल तैयार होगा।

**4 केसरिया रंग:-** होली के लिए पलाश और गेंदे के फूल से आप केसरिया रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आपको 100 ग्राम पलाश के सूखे फूल एक बाल्टी में पानी उबालकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह इस पानी को छानकर अलग कर दें। केसरिया रंग बनकर तैयार है।

**5 लाल रंग का गुलाल** होली के लिए आप बुरांस और गुड़हल के फूलों से लाल रंग बना सकते हैं। सबसे पहले आप बुरांस और गुड़हल के सूखे फूलों को पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को आप गुलाल की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। यदि आप पानी वाला रंग बनाना चाहते हैं, तो इस रंग को पानी में मिलाकर हर्बल रंग तैयार हो जाएगा।



# चीन ने दी ट्रम्प को खुली चुनौती

## अमेरिका युद्ध चाहता है, तो अंत तक लड़ेंगे

- कहा: फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है
- मेक्सिको-कनाडा के माल पर अमेरिकी शुल्क संबंधों के लिए निराशाजनक: मेक्सिको

**वाशिंगटन/बीजिंग/मेक्सिको सिटी।** चीन ने कहा है कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई अन्य प्रकार का युद्ध हो, वह अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं। अमेरिका में चीन के दूतावास ने अमेरिका की ओर से विश्व के कई देशों पर आयात टैरिफ बढ़ाने के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में यह प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आयात पर टैरिफ बढ़ाए जाने के संदर्भ में अमेरिका के निर्णय की आलोचना की थी। प्रवक्ता ने अपने ट्वीट में कहा, फेंटानिल मुद्दा चीनी आयात पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने का एक तुच्छ बहाना है। अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूरी तरह से वैध और अपरिहार्य है। उन्होंने जोर दिया कि अमेरिका में फेंटानिल संकट के लिए कोई और नहीं, बल्कि स्वयं अमेरिका जिम्मेदार है। इसी बीच मेक्सिको की कंपनियों के एक बड़े संगठन (कोपरमेक्स) ने अमेरिका की ओर से मेक्सिको और कनाडा के माल पर 25 प्रतिशत आयात-शुल्क लगाने के निर्णय को उसके साथ संबंधों की दृष्टि से निराशाजनक बताया है। कोपरमेक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अमेरिका का यह कदम उत्तरी अमेरिका के तीन देशों, अमेरिका-मेक्सिको- कनाडा के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (यूएसएमसीए) के सिद्धांतों के खिलाफ है। मेक्सिको की कंपनियों के इस संगठन ने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई से उसके साथ व्यापार में अनिश्चितता पैदा हो सकती है और इसका असर मेक्सिको की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कोपरमेक्स को डर है कि अमेरिकी बाजार में मेक्सिको का निर्यात प्रभावित होने पर मेक्सिको में मंदी पैदा हो सकती है और अमे. रिकी डालर के मुकाबले उसकी मुद्रा पेसो की विनिमय दर गिर सकती है तथा कंपनियों की उत्पादन लागत भी बढ़ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको को विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार शुल्क लगाने की धमकी दी है। गौरतलब है कि फरवरी में, ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद इन दोनों देशों के खिलाफ शुल्क लगाने का निर्णय एक महीने के लिए स्थगित कर दिया था। ट्रम्प ने अब कहा है कि इन देनों देशों के खिलाफ अमेरिका की प्रशुल्क योजना पहले की घोषणा के अनुसार लागू होंगे, क्योंकि इन देनों ने कोई अनुकूल कदम नहीं उठाया है।

# ट्रम्प को मिला जेलेंस्की का पत्र, कहा: यूक्रेन फिर से वार्ता को तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से एक पत्र मिला है, जिसमें स्थाई शांति प्राप्त करने के लिए वार्ता में फिर से शामिल होने के लिए यूक्रेन की तत्परता व्यक्त की गई है। ट्रंप ने कांग्रेस में अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज पहले, मुझे यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से एक महत्वपूर्ण पत्र मिला। पत्र में लिखा है, यूक्रेन स्थाई शांति लाने के लिए जितनी जल्दी हो सके बातचीत की मेज पर आने के लिए तैयार है। यूक्रेन के लोगों से ज्यादा कोई शांति नही चाहता मेरी टीम और मैं स्थाई शांति पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के मजबूत नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं। ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन की मदद के लिए वाशिगटन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। ट्रंप ने पत्र का हवाला देते हुए कहा, खनिज और सुरक्षा पर समझौते के संबंध में यूक्रेन आपके लिए सुविधाजनक किसी भी समय इस पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। मैं सराहना करता हूं कि उन्होंने यह पत्र भेजा। अभी कुछ देर पहले ही मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि उन्होंने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है।

# हूती का दावा: अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया

**अदन, यमन/रामल्लाह।** यमन के हूती विद्रोहियों की सेना ने घोषणा की कि उन्होंने लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 टोही ड्रोन को सफलतापूर्वक रोक दिया है। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि होदेइदाह प्रांत में यमनी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने और शत्रुतापूर्ण अभियान चलानेह के दौरान ड्रोन को मार गिराया गया। सरिया ने कहा कि यह हूती बलों द्वारा वादा किए गए मुक्ति और पवित्र जिहाद की चल रही लड़ाई के दौरान निष्क्रिय किया गया यह 15वां विमान है, जिसे वे गाजा और लेबनान का समर्थन करने वाला अभियान बताते हैं। हूती दावे के संबंध में अमेरिकी सैन्य या राजनयिक स्रोतों से तत्काल कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं है। राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती समूह ने पहले इज़रायल और हमास के बीच संघर्ष के दौरान फिलिस्तीनियों के समर्थन के रूप में लाल सागर में इज़रायल से जुड़े जहाजों को लक्षित किया है। वहीं इजरायली सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक शहर जेनिन के पूर्वी इलाके में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान के दौरान एक वरिष्ठ क़सम ब्रिगेड कमांडर और एक अन्य फ़लस्तीनी को मार डाला। फ़लस्तीनी सुरक्षा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़े सुदृढीकरण द्वारा समर्थित इज़रायली बलों ने जेनिन के पूर्वी पड़ोस में कई आवासीय इमारतों को घेर लिया। जिसके बाद वहां हिसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप आयसर अल-सादी और एक अन्य युवक की मौत हो गई। हमास ने आयसर की मौत पर शोक व्यक्त किया और इज़रायल पर जमीन पर प्रतिरोध का सामना करने में विफल रहने के बाद हत्याओं का सहारा लेने का आरोप लगाया। एक बयान में इजरायली सेना ने आयसर की हत्या की पुष्टि की और आरोप लगाया कि वह इजरायली ठिकानों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार था। बयान में यह भी दावा किया गया कि मारा गया दूसरा फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायली बलों के लिए खतरा था। सेना ने इस बात पर जोर दिया कि जेनिन में आतंकवादी तत्वों के रूप में वर्णित लोगों को पकड़ने के लिए सैन्य अभियान जारी रहेगा।

## संरा दूत ने सीरिया में इज़रायल की सैन्य वृद्धि की निंदा की


**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र विशेष दूत ने सीरिया में हवाई हमलों सहित इजरायल की सैन्य वृद्धि की कड़ी निंदा करने के साथ ही उल्लंघनों को रो. कने और संघर्ष को तेज करने से परहेज करने का आह्वान किया। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडर्सन ने एक बयान में चेतावनी दी। पहले से ही नाजुक स्थिति को अस्थिर करने, क्षेत्रीय तनाव को बढ़ाने और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2254 के प्रमुख सिद्धांतों के अनुरूप तनाव कम करने और स्थाई राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में प्रयासों को कमजोर करने का जोखिम है।

## ढाका जाने वाली कतर फ्लाइट की आपात लैंडिंग



**हैदराबाद।** दोहा से ढाका जा रहे कतर एयरवेज के विमान को बुधवार तड़के हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर आपातकालीन लैंडिग करनी पड़ी, क्योंकि विमान में एक महिला यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई थी। हवाई अड्डा अधिकारियों के अनुसार, दोहा से बंगलादेश के ढाका जाने वाली उड़ान संख्या क्यूआर 642 में सवार एक महिला यात्री ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद पायलट ने आपातकालीन लैंडिग की मांग की। संबंधित विभागों से मंजूरी मिलने के बाद एटीसी ने चालक दल को अनुमति प्रदान की जिसके बाद विमान सुबह 3-25 बजे शमशाबाद हवाई अड्डे पर उतरा। विमान उतरने पर महिला को हवाई अड्डे के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाद में 3-42 बजे विमान ढाका के लिए रवाना हुआ। यात्री की मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## बिना चीरफाड़ बढ़ते कैंसर पर रहेगी नजर



**यरुशलम।** इजरायल के शोधकर्ताओं ने इंसान के शरीर के कैंसर के फैलाव के स्तर को पता लगाने के लिए नई विधि टोमोग्राफी विकसित की है जिसके माध्यम से ऊतकों में गहरी आणविक प्रक्रियाओं पर बिना चीरफाड़ नजर रखा जा सकेगा।

इजरायल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (टेक्नियन) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस विधि को रासायनिक टोमोग्राफी कहा जाता है, जो शोधकर्ताओं को विभिन्न चरणों में कैंसर की प्रगति को ट्रैक करने, कैंसर जीव विज्ञान को बेहतर ढंग से समझने और कैंसर के फैलाव में शामिल जैव रासायनिक मार्गों, चयापचय मार्करों और आणविक प्रक्रियाओं का मानचित्रण करने की अनुमति देता है। यह विधि ग्राफीन-आधारित सेंसर सारणी का उपयोग करके सांस, लार, पसीने और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों का विश्लेषण करके ऊतक कार्य में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, जिसमें ग्राफीन सेंसर आंख के रूप में कार्य करते हैं और डेटा को संसाधित करने के लिए जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मस्तिष्क के रूप में कार्य करता है। यह ऑर्गेनोइड्स और थ्री डी सेल-आधारित मॉडल में संरचनात्मक और आणविक परिवर्तनों की निरंतर निगरानी की अनुमति देता है (जो प्राकृतिक ऊतकों की विशेषताओं को दोहराते हैं), जो जैव चिकित्सा अनुसंधान में महत्वपूर्ण हैं। मौजूदा तकनीकों के विपरीत (जो अक्सर ऊतकों को नुकसान पहुंचाती हैं या गहरी ऊतक प्रक्रियाओं की निगरानी करने में विफल रहती हैं) यह विधि कम लागत वाली, सटीक और बिना चीरफाड़ वाला समाधान प्रदान करती है।

## आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाएंगे भारत-ब्रिटेन

**जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर, विदेश सचिव लैमी से की मुलाकात**

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया। लैमी के साथ अपनी मुलाकात पर उन्होंने लिखा, शेवेनिंग हाउस में इस बेहद गर्मजोशी से स्वागत के लिए विदेश सचिव डेविड लैमी को धन्यवाद।

जगदीश सरन हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा
द्वितीय युवा महोत्सव-2025
(03 - 08 मार्च 2025)
के अंतर्गत आयोजित
अखिल भारतीय
कवि सम्मेलन
06 मार्च 2025 गुरुवार, सायं 7 बजे से
गरिमामयी आतिथ्य
मुख्य अतिथि: श्री कंवर सिंह तंवर जी, माननीय सांसद, अमरोहा
सान्निध्य विशेष: डॉ. हरि सिंह ढिल्लो जी, माननीय सदस्य विधान परिषद, उ.प्र.
विशिष्ट अतिथि: श्रीमती शशि जैन जी, अध्यक्षा नगर पालिका परिषद, अमरोहा
आमंत्रित कविगण
• डॉ. अनामिका अंबर • डॉ. प्रतीक गुप्ता
• सौरभ जैन 'सुमन' • गौरव गुप्ता
• सरदार प्रताप फौजदार
डॉ. अनामिका अंबर
-: विनम्र निवेदन :-
श्रीमंत/श्रेया! इस पावमानी वेला में आपकी उपस्थिति सानुरोध प्रार्थनीय है। धन्यवाद।
भवनिष्ठ
संजय मालीवाल, प्रधान, प्रबंध समिति
योगेश कुमार जैन, मंत्री, प्रबंध समिति
प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य

कोई तो बात है, जूम इंस्टीट्यूट में
"जो लोगो को व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक विश्वास है
ये उन बच्चों के नाम और पते है जिनके परिवार के दो भाई/बहन जूम इंस्टीट्यूट पर पढ़े है और उनके द्वारा किये गये सतत् विश्वास की वजह से ये दोनों ही कम्पीटीशन में चयनित हुए है। पिछले 20 वर्षो का विश्वास अब व्यक्तिगत ही नहीं, पारिवारिक हो चुका है।
2014 Md. Arshad KGMC, Lucknow | 2023 Md. Shahzaib Govt. Med. Coll. Saharanpur | S/o Mr. Mohd Shahnawaz 122, Laddhawala ,MZN.
2013 Sana Praveen KGMC, Lucknow | 2015 Sonam Praveen BDS, Jamia, (N.D.) | D/o Dr. Mehboob Hasan 407, South Khalapar, MZN
9th-12th CBSE/UP Board, (सारे विषय एक जगह पर) NEET-PMT/JEE-IIT/CUET नये बैच प्रारम्भ क्रैश कोर्स
2015 Izhar Azeem LLRM Mrt. S/O DR.SHAHID AHMED | 2016 Amjad Med. Coll. SRE S/O MD. ISLAM AHMED | MOH. CHODHRAN,AZAD RD,THANABHAWAN,MZN
2010 Huma Jahan LLRM, Meerut Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli | 2023 Shobi Khan Govt. Med. Coll. Ghazipur | 2024 Mohd. Kaif Govt. Med. Coll. Deoria | D/o & S/o Mr. Sadik Khan Shahpur, MZN
2015 Aleena Rehman Kannauj Med.Col. | 2015 Nida Rehman GSVM. Kanpur | D/O DR. G. REHMAN DISTT. HOSPITAL CAMPUS, SRE
Best Institute In Your City Since 2004
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
150, शिवपुरी, उत्तरी भोपा रोड मु0नगर, 9368787704, 9837935900

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108